अर्चना

The Adorations

प.पू. आदिशक्ति माताजी श्री निर्मला देवी के १००० नाम

The 1000 Names of Her Holiness Adishakti Mataji Shri Nirmala Devi

अर्चना

The Adorations

प.पू. आदिशक्ति माताजी श्री निर्मला देवी के १००० नाम

The 1000 Names of Her Holiness Adishakti Mataji Shri Nirmala Devi

प.पू. माताजी श्री निर्मला देवी

सहजयोग संस्थापिका

विषय सूची

1	प्रार्थनायें (PRAYERS)	5
2	अर्चना (ॲडोरेशन्स) (THE ADORATIONS)	7

प्रार्थनायें
PRAYERS

ॐ त्वमेव साक्षात् श्रीगणेश साक्षात् श्रीआदिशक्ति-माताजी-श्रीनिर्मलादेव्यै नमो नमः।

श्रीगणेशजी अपनी अबोधिता, मन की शुद्धता अवधान तथा बुद्धि हमें प्रदान करने के लिये कृपया प्रसन्न हो जायें। श्रीआदिशक्ति श्रीमाताजी के चरण कमलों पर अर्चना समर्पित करने के लिये श्रीगणेशजी हमें आशीर्वाद दे और अनुज्ञा दे।

Om Twameva Sakshat Shri Ganesha Sakshat Shri Adishakti Mataji Shri Nirmala Devyai Namo Namah.

May Shri Ganesha kindly be pleased to bestow on us His innocence, and purity of mind, attention and intellect. May He bless us and permit us to offer the adorations at the lotus feet of Shri Adishakti Shri Mataji.

ॐ त्वमेव साक्षात् श्रीजीझस-मेरी साक्षात् श्रीआदिशक्ति-माताजी - श्रीनिर्मलादेव्यै नमो नमः।

हमारे प्रभु श्रीजीझस और माता मेरी हमें निर्विचारिता प्रदान करने के लिये प्रसन्न हो जायें। श्रीजीझस-मेरी माता श्रीआदिशक्ति श्रीमाताजी के चरणकमलों पर अर्चना समर्पित करने के लिये हमें आशीर्वाद दे और अनुज्ञा दे।

Om Twameva Sakshat Shri Jesus Mary Sakshat Shri Adi Shakti Mataji Shri Nirmala Devyai Namo Namah.

May our lord Shri Jesus Christ and Mother Mary be pleased to bestow on us thoughtlessness. May he bless us and permit us to offer the adorations at the lotus feet of Shri Adishakti Shri Mataji.

ॐ त्वमेव साक्षात् श्रीसरस्वती साक्षात् श्रीआदिशक्ति-माताजी-श्रीनिर्मलादेव्यै नमो नमः।

देवी सरस्वतीजी हमारी वाणी शुद्ध करने के लिये प्रसन्न हो जायें। देवी सरस्वती जी श्रीआदिशक्ति श्रीमाताजी के चरणकमलों पर अर्चना समर्पित करने के लिये हमें

आशीर्वाद दे और अनुज्ञा दे।

Om Twameva Sakshat Shri Saraswati Sakshat Shri Adi Shakti Mataji Shri Nirmala Devyai Namo Namah.

May Goddess Saraswati be pleased to purify our speech. May she bless us and permit us to offer the adorations at the lotus feet of Shri Adi Shakti Shri Mataji.

समस्त देवतायें हमारे चक्रों पर उपस्थित रहने के लिये प्रसन्न हो जायें और श्रीआदिशक्ति श्रीमाताजी के चरणकमलों पर अर्चना समर्पित करने के लिये हमें आशीर्वाद दे।

May all deities be pleased to be present on our Chakras and bless us to offer the adorations at the lotus feet of Shri Adi Shakti Shri Mataji.

श्रीआदिशक्ति श्रीमाताजी प्रसन्न हो जायें और उनके चरणकमलों पर अर्चना समर्पित करने के लिये अनुज्ञा देने की कृपा करें।

May Shri Adi Shakti Shri Mataji be pleased to kindly permit us to offer the adorations at Her lotus feet.

सर्व मंगल हो जायें। हमारी कुण्डलिनियाँ सहस्रार में स्थिर हो जायें।

हमारा सामूहिक अवधान श्रीआदिशक्ति के चरणकमलों पर स्थिर हो जाये।

May all be auspicious. May our Kundalinis rest in the Sahasraras.

May our collective attention rest at the lotus feet of Shri Adi Shakti.

अर्चना
THE ADORATIONS

ॐ त्वमेव साक्षात् …… नमो नमः।

Om Twameva Sakshat.....Namo Namah. .....Our repeated grateful salutations

1. **श्रीमाताजी -** सृष्टि की पवित्र माता। सर्वशक्तिमान पिता परमेश्वर के प्रेम का आविष्कार करने के लिये आप ने सृष्टि का निर्माण किया। अपने प्रेम से, करुणा से और शक्तियों से मानवजाति को मुक्त करने के लिये आपने अवतार लिया। हजारों आत्मसाक्षात्कारी आत्मायें, जिनका अस्तित्व शुद्ध पावन हो गया है, उनकी आप निर्मल दिव्य माता हो। ये साक्षात्कारी आत्मायें निर्मलाईट्स् अर्थात् निर्मलानुयायी हैं जिन्हें आपने अपने शरीर में ग्रहण कर लिया है। जिनकी कृपा अपने बच्चों के सन्निध सदैव विद्यमान रहती है ऐसी अत्यंत प्रेममयी माता आप हैं।

   Shri Mataji - The Holy Mother of the Creation. You have created the Creation to manifest the love of God Almighty, Parameshwara, the father. You have incarnated to redeem the humankind with your love, compassion and powers. You are immaculate Divine mother of a myriad of realised souls with purified beings, the Nirmalites, to whom you have taken in your being. You are the most loving mother whose grace is eternally present with your children.

2. **श्रीमहाराज्ञी -** सृष्टि की पवित्र माता परमेश्वरी, सर्वश्रेष्ठ, परम प्रधान देवी, सर्वशक्तिमान परमेश्वर की भार्या तथा शक्ति, सृष्टि की सार्वभौम महारानी.

   Shri Maharajni - The Sovereign Empress of the Creation as Parameshwari, the Supreme Goddess, the spouse and power of Parameshwara, God Almighty.

3. **श्रीदेवकार्यसमुद्यता -** सृष्टि की पवित्र माता। देवकार्य की परिपूर्ति के लिये आपने अवतार लिया। सर्वशक्तिमान परमेश्वर की इच्छाशक्ति और

उसके पश्चात् सृजन की शक्ति, जिस का अनुसरण उत्क्रान्ति की शक्ति ने किया और अन्त में परमात्मा को प्रतिबिंबित करने के लिये आप का यह अवतार था। ईश्वरविरोधी साहसी शक्तियों से सृष्टि को बचाने के लिये आपने बाद में अनेक वार देवकार्य की परिपूर्ति के लिये अवतार लिया।

Shri Deva-kaarya-samudyataa - You have incarnated to accomplish Divine Mission. God Almighty's power of desire and then as the power of creation followed by the power of evolution, for ultimately reflecting Him. You have incarnated number of times later to accomplish Divine mission of saving the creation from anti-God forces.

4. **श्रीपरब्रह्म-स्वरूपा -** सर्वशक्तिमान् परमेश्वर अर्थात् परब्रह्म से पूर्णतया एकाकार होने से आप परब्रह्म का स्वरूप हैं।

   Shri Parabrahma-swaroopaa - You are the one whose form is Parabrahma being in absolute oneness with Parabrahma, the God Almighty.

5. **श्रीसदाशिव-हृदयस्था -** आप श्रीसदाशिव के हृदय में स्थित हैं।

   Shri Sadashiva-hridayasthaa - You are in the heart of Shri Sadashiva.

6. **श्रीसदाशिव-हृदय-धारिणी -** आप वह हैं जिनके हृदय में श्रीसदाशिव का वास है।

   Shri Sadashiva-Hridaye-Dhaarini - You are the one in whose heart Shri Sadashiva resides.

7. **श्रीपरात्परा -** आप परम से भी परम प्रभु हैं। परब्रह्म के दो रूप हैं, पर और ब्रह्म, पर केवल, परिपूर्ण शाश्वत और सृजन के पूर्व की अवस्था है। ब्रह्म यह दूसरा भाग सृष्टि निर्मिति से संबंधित है। ब्रह्म भाग का रूपान्तरण सर्वशक्तिमान परमेश्वर में और उसकी शक्ति (परमेश्वरी) में होता है। आप पर रूप से एकीकृत हैं। ब्रह्म रूप में आप ने सृजन का आविष्कार किया है।

Shri Paraat-paraa - You are Supreme of the Supreme. Parabrahma has two aspects, Para and Brahma. The Para is absolute, eternal and before creation. The Brahma is involved in the creation. The Brahma part is transformed into God Almighty (Parameshwara) and His power (Parameshwari). You are united with the Para aspect. You have manifested the creation in the Brahma aspect.

8. **श्रीअपरम्पारा -** श्रीआदिशक्ति, आप सर्वव्यापिनी और उससे भी परे हैं। आप से परे कुछ भी नहीं।

Shri Aparam-paaraa - Shri Adi Shakti, you are all pervading and beyond. There is nothing beyond you.

9. **श्रीअपारा -** अपने निर्गुण तथा निराकार अर्थात् गुणविहीन व आकार विहीन अवस्था में आप अथांग सागर के समान हैं।

Shri Apaaraa - You are like fathomless ocean in your Nirgun, Nirakar i.e. attributeless and formless state.

10. **श्रीअनाद्या -** आप आरंभरहित है क्योंकि सृजन के पूर्व भी आप विद्यमान थी।

Shri Anaadyaa - You are without beginning, as you existed even before the creation.

11. **श्रीब्रह्मबीजा -** आप ब्रह्म का बीज हैं। 'सृजन की प्रक्रिया की तुलना किसी बीज के अंकुरित होने से होती है। सृजन के प्रारंभ में उसकी प्रत्यक्ष क्रिया का आरंभ होने से पूर्व, ब्रह्म बीज बन जाता है। जिसके सारे पहलू परिपूर्ण हो, ऐसे किसी पूर्ण स्फटिक के समान वह होता है। बीज और उसकी प्रस्फुटित, अंकुरित होने की शक्ति इन दो भागों में बीज का विभाजन होता है।' (द क्रिएशन)

Shri Brahma Beeja - You are the seed of Brahma.
"The process of creation is comparable to sprouting of a seed.

In the beginning of creation, before starting its activity, Brahma becomes seed. It is like a perfect crystal with all its facets complete. The seed gets divided into the seed and its germinating power". (The Creation)

12. **श्रीआदि-ब्रह्म-नाद** - आप आदि(म) दिव्य नाद हैं। 'परब्रह्म के जागृत होने से उसकी शक्ति क्रिया में स्फुरित है। वह ब्रह्मबीज में दिव्य प्रेम की लहर को जागृत करती है। यह स्फुरण आदिम स्पंदन नाद को निर्माण करता है।' (द क्रिएशन)

Shri Aadi Brahmanaad - You are the Primordial Divine sound. "With the waking of Parabrahma his power pulsates into activity, awakening a wave of Divine love in the Brahma beeja. This pulsation creates the Primordial vibrating sound." (The Creation)

13. **श्रीआदि-वलय** - आप आदि वलय हैं। 'आदिम स्पन्दन नाद ने उसके हृदय स्थान के सभी ओर वलयाकार लहरों का उत्सर्जन किया। इन लहरों के परिणाम स्वरूप आदि वलय का निर्माण हुआ।

Shri Aadi Valaya - You are the Primordial Circle.
"The waves of Primordial Vibrating sound emitted circular waves around its nucleus. These waves resulted in creating Adi Valaya." (The Creation)

14. **श्रीआदि-बिन्दुः** - आप आदि बिन्दु है। दूसरी अवस्था में आदि वलय की स्थिति से सृजन अपनी ऊर्जा सुई के अग्रबिंदु के समान उस बिंदु पर एकाग्र कर के आदि बिन्दु में चालित हो जाता है। (द क्रिएशन)

Shri Aadi Bindu - You are the Primordial point or dot. In the second stage, the creation moves from the state of Primordial Circle into the state of Primordial Point by pin pointedly concentrating its energy into a dot." (The Creation)

15. **श्रीबिन्दुः** - अपने अहंभाव को धारण कर के जो आदिशक्ति होती ह उसका प्रतिनिधित्व करने वाला बिंदु आप है। 'आदि वलय और

पश्चात् आदि बिन्दु रूप में महाशक्ति बिन्दु और वलय में टूट जाती है।' (द क्रिएशन)

Shri Bindu - You are the dot which represents the Primordial Power having assumed her ego (Aham Bhava i.e.identity.) "Shri Mahashakti as Adi Valaya and then Adi Bindu,breaks into Bindu and Valaya."(The Creation)

16. **श्रीवलय -** आदिशक्ति की शक्ति का प्रतिनिधि होता हुआ जो वलय है, वह आप है।

Shri Valaya - You are the Circle, which represents the power of Adi Shakti.

17. **श्रीअजा -** आप अजन्मा है क्योंकि ऐसा समय-काल कभी भी नहीं था, जब आप वहाँ नहीं थी।

Shri Ajaa - You are unborn as there was never a time when you were not there.

18. **श्रीअक्षया -** आप क्षयरहित हैं।

Shri Akshayaa - You are without decay.

19. **श्रीअनन्ता -** आप अनन्त अर्थात् अन्तविहिन हैं क्योंकि सारे सृजन का अस्तित्व रुकने के बाद भी आप अपने स्वामी के साथ रहती हैं

Shri Anantaa - You are without end as you live with your lord even after the whole creation ceases to exist.

20. **श्रीआदि-गतिः -** सृजन या सृष्टि का अस्तित्व आने से पूर्व जो हुई वह आदि गति (हलचल) आप हैं।

Shri Aadigati - You are the primordial movement before the creation came into existence.

21. **श्रीआदि-विलम्ब -** सृष्टि का अस्तित्व आने से पूर्व जो आदि

समय (आदि काल) था वह आप हैं।

Shri Aadivilamba - You are the primordial time before the creation came into existence.

22. **श्रीपरमेश्वरी -** आदि पुरुष अर्थात् विराट के सहस्रार में जो वास करते हैं उन परमेश्वर की शक्ति और प्रिय पत्नी आप हैं।

Shri Parameshwari - You are the beloved spouse, the power of Parameshwara who resides in the Sahasrara of the Primordial Being.

23. **श्रीईश्वरी-** आदि पुरुष अर्थात् विराट के हृदय में वास करने वाले सर्वशक्तिमान ईश्वर की आप शक्ति हैं।

'वह सर्वशक्तिमान ईश्वर की साक्षीभूत शक्ति हैं। श्रीआदिशक्ति अपनी सृजन लीला के औचित्य की परीक्षा करने वाली और उसे निश्चित करनेवाली भी होती हैं। इस परम सर्वश्रेष्ठ शक्ति से वह मनुष्य प्राणी को बोधित करेगी या तो फिर पूरी लीला को नष्ट कर देगी।' (द क्रिएशन)

Shri Ishwari - You are the power of God Almighty residing in the heart of Primordial Being, the Virata.
"She is the witnessing power of God Almighty. With this power, Shri Adi Shakti also judges and decides on the propriety of Her play of creation. With this paramount power She may enlighten the human being with awareness or destroy the play." (The Creation)

24. **श्रीब्रह्माण्ड-जननी -** जो हजारों विश्वों से बनी हुई है ऐसी सृष्टि की आप माता हैं।

Shri Brahmaanda Janani - You are the mother of the Creation which comprises a myriad of universes.

25. **श्रीप्रणवात्मिका -** आप प्रणव में हैं। प्रणव सर्वसम्पूर्णता, सर्वज्ञता और सर्वसंघटन की शक्ति है, जो आप के अस्तित्व से निःसृत होती है।

'उनकी ईश्वरी शक्ति का तेजो वलय (औरा) ही सम्पूर्ण चेतना है। अथवा वह उनके प्रेम का श्वास-उच्छ्वास ही है। वह प्रेम की दिव्य शक्ति है। (दी क्रिएशन)

Shri Pranavaatmika - You are in the Pranava, the all integrating, all knowing and all organising power emanating from your being.

"It is the total awareness which is the aura of Her Ishwari power or which is the breathing of her love. It is the Divine Power of love. (The Creation)"

26. **श्रीप्रणव स्वरूपा -** आप वह हैं जो प्रणव का आकार या रूप हैं।

सन्तों और आत्मसाक्षात्कारी आत्माओं द्वारा दिव्य शीतल लहरी के रूप में उसकी अनुभूति या संवेदना की जाती है। समर्थ रामदास (छ.शिवाजी महाराज के गुरु) कहते हैं, 'आदिमाया ब्रह्म से आविर्भूत हुई। उन्हें आठ रूपों से बनी प्रकृति इस प्रकार से जानते हैं। तीन गुणों में और सजीव प्राणियें में वह मूर्त रूप में है। यह माया ही मन्द वायु अथवा वायु है ऐसा जान लीजिये। इस वायु में जो बोध है वही श्रीईश्वर हैं। वे सर्वेश्वर हैं अर्थात् सर्वशक्तिमान ईश्वर।' (दासबोध)

श्रीज्ञानेश्वर कहते हैं, 'मेरे शब्दों के द्वारा मैं आप को निराकार का आकार या रूप दिखाऊंगा। जो इंद्रियों से भी परे है, उसका अनुभव मैं आप को इंद्रियों पर दूंगा।' (ज्ञानेश्वरी, अध्याय ६)

Shri Pranava-swaroopaa - You are the one whose form is Pranava.

It is felt, as Divine Cool Breeze, by saints, and realized souls. Samartha Ramadas, (Guru to Chhatrapati Shiivaji Maharaj) says, "Primordial Maayaa emerged in the Brahma. She is known as the Prakruti of eight forms. She is embodied in the three Gunas and living beings. Know the Mayaa to be the breeze or wind in which the awareness is Shri Ishwara the God. He is also Sarveshwara, the Almighty God". (Dasbodh).

Shri Jnyaneshwara says, "I shall show through my words the form of the formless and shall give you the

experience on your senses of that which is beyond senses." (Jnyaneshwari Chapter 6)

27. **श्रीकेवला** - आप वह हैं जो निर्गुण, निराकार और केवल संपूर्ण अस्तित्व है।

Shri Kevalaa - You are the one who is, without attributes and forms, the absolute existence.

28. **श्रीआद्या** - जिसका कहीं भी आरंभ नहीं है, पर जो है ऐसी आदिमाता आप हैं।

Shri Aadyaa - You are the Primordial Mother, who has always been there without beginning.

29. **श्रीआदिकुण्डलिनी** - आप श्रीविराट के अस्तित्व की आदि कुण्डलिनी है।

'आदि मूलाधार में रहने वाली महाकाली शक्ति का एक घटक शुद्ध इच्छा है और आप शुद्ध इच्छा है। सृजन प्रक्रिया की दूसरी अवस्था में अपनी सृष्टि को समायोजन, विविधता तथा गति प्रदान करने के लिये श्रीआदिशक्ति आदि यंत्रणा (आदि कुण्डलिनी) का निर्माण करती है। विराट अर्थात् आदि पुरुष का हृदय निर्माण करने के बाद श्रीआदिशक्ति का तीन और आधे (साढ़ेतीन) कुण्डलों में स्थित्यन्तर हो जाता है।' (दी क्रिएशन)

Shri Adi Kundalini - You are the Primordial Kundalini of Shri Virata's being.

" She is pure desire, an aspect of Mahakali power residing in the Primordial Muladhara. In the second phase of creation, Shri Adi Shakti creates the Primordial machinery (Adi Kundalini) to render coordination, variety and speed to her creation. After creation of the heart of the Primordial being, Shri Adi Shakti moves in the three and a half coils. (The Creation)"

30. **श्री गणेशमाता -** आपने श्रीगणेश का निर्माण किया।

'विराट अर्थात् आदि पुरुष के हृदय का निर्माण करने के पश्चात् आदिशक्ति नीचे की ओर चली गयी और एक त्रिकोण का आकार ले कर, उसने अपना निवास बना लिया और कुण्डलिनी के अंतिम भाग को उसके शिखर में स्थिर और दृढ़ता से स्थापित किया। अनन्त आदिशक्ति ने श्रीगणेश का निर्माण किया और अपने निवासस्थान के अधोभाग में आदि मूलाधार चक्र में श्रीगणेश को यथाविधि प्रतिष्ठापित किया। पवित्रता और अबोधिता से रिक्त स्थान की पूर्ति करने के लिये श्रीगणेशजी का प्रथम देवता होने से इन देवता रूप गुणों का प्रदान किया गया।' (दी क्रिएशन)

Shri Ganesha-maataa -You created Shri Ganesha.
"After creating the heart Of the Primordial Being She moved downwards and taking the shape of triangle created her abode and fixed the end of the coil to its apex. Later she created Shri Ganesha and installed him at the primordial Muladhara Chakra below Her abode. He was bestowed as the first deity to fill the space with holiness and innocence which is the essence of Godliness." (The creation)

31. **श्रीमहाकाली -** आप वह हैं जो आदिशक्ति की इच्छा करने की मूड (तमोगुण) का आविष्कार करती हैं और अस्तित्व तथा विनाश की शक्ति का प्रतिनिधित्व करती हैं।

'उस का अस्तित्व प्रत्येक वस्तु में, प्रत्येक प्राणी में तथा मनुष्य प्राणी में है। अस्तित्व को नकारना का अर्थ विनाश करना है। इसलिये वह आदिशक्ति अस्तित्व तथा विनाश दोनों को अभिव्यक्त करती है। विराट की आदि इड़ा नाड़ी में वह कार्य करती है।' (दी क्रिएशन)

Shri Mahaakaali - You are the one who manifests Adi Shakti's desiring mood (Tamo Guna) and represents the power of existence and destruction.
"It exists in everything and every animal and human

being. The negation of existence is destruction. Therefore, She expresses existence as well as destruction. She acts in the Adi Ida Nadi of Virata. (The Creation)"

32. **श्रीमहासरस्वती -** आदिशक्ति की जो सृजन शक्ति है, वह आप हैं।

यह सृजन शक्ति पंचतत्त्व, सूर्य, चंद्रमा, पृथ्वी तथा अन्य ग्रह, नक्षत्र-ताराओं का निर्माण करती है। और वह सृजन की मूड (रजोगुण) को अभिव्यक्त करती है।

Shri Mahaasaraswati - You are the one who is Shri Adi Shakti's creative power, which creates the five elements, and the Sun, the Moon, the Earth and other planets and stars. And who expresses the creative mood (Rajo Guna).

33. **श्रीमहालक्ष्मी -** आप श्री आदिशक्ति की वह शक्ति हैं जो सृष्टि को धारण (धर्म) प्रदान करती है। विविध रूप और आकृतियों को आप गुणविशेष भी देती हैं।

''श्रीविष्णु के अवतरणों के द्वारा और स्वयं अवतरित होकर वह आदि सत्त्व अर्थात् विराट के मध्य नाड़ी में विराटांगना के रूप में कार्य करती है।'' (दी क्रिएशन)

Shri Mahalakshmi - You are the one who is Shri Adi Shakti's power, rendering sustenance (Dharma) to the Creation and gives different characters to various forms.

"Through the incarnations of Shri Vishnu and by incarnating Herself. She acts in the central channel of the Primordial Being, Virata in the form of Viratanganaa." (The Creation)

34. **श्रीसृष्टिकर्ती -** हिरण्यगर्भ की शक्ति हिरण्यगर्भिणी होने से आप प्रकृति की आद्य निर्माती है।

Shri Srushti-karti - You are the primordial creator of nature as Hiranya-garbhini, Hiranya-garbha's power.

35. **श्रीचराचरात्मिका** - आप वह है, जो समस्त चर-अचर अर्थात् सजीव तथा निर्जीव वस्तुओं में स्पन्दित होती हैं।

Shri Chara-achara-atmikaa - You are the one who pulsates in all moving and non-moving, i.e. animate and inanimate objects.

36. **श्रीप्राणशक्तिः** - आप मनुष्यप्राणियों की प्राणरक्षक जीवनशक्ति अर्थात् प्राण हैं।

Shri Praanashakti - You are the Praana, the vital life force in human beings.

37. **श्रीप्राणदात्री** - सजीव प्राणियों की प्राणरक्षक जीवनशक्ति अर्थात् प्राण हैं।

Shri Praana-daatri - You are the giver of vital life force to living beings.

38. **श्रीप्राणेश्वरी** - आप प्राणशक्ति की ईश्वरी (देवता) हैं।

Shri Praaneshwari- You are the Goddess of Praana Shakti.

39. **श्रीमूलप्रकृतिः** - आप आदि प्रकृति हैं। अर्थात् आदि जनक जननी में आप निर्मात्री का अंश-माता है। पुरुष व प्रकृति आदि जनक-जननी हैं।

Shri Moola-prakruti - You are the Primordial Prakruti, the creator aspect the Mother in the Primordial parents, Purusha and Prakruti.

40. **श्रीअव्यक्ता** - आप अव्यक्त अर्थात् अप्रकटित हैं।

Shri Avyaktaa - You are unmanifested.

41. **श्रीव्यक्ताव्यक्तस्वरूपिणी** - आप व्यक्त अर्थात् प्रकटित और अव्यक्त अर्थात् अप्रकटित इन दोनों रूपों में एक ही समय होती हैं।

Shri Vyakta-avyakta-Swaroopini - You are in both, Vyakta, the manifested and Avyakta, the unmanifested forms at the same time.

42. **श्रीअप्रमेया -** आप कल्पना प्रक्रिया से परे हैं।

Shri Aprameyaa - You are beyond conceptualisation.

43. **श्रीस्वप्रकाशा -** आप स्वप्रकाशित हैं जिनकी दीप्ति का प्रतिबिम्ब तथा परावर्तन सब प्रकाशमान मूर्तियों में होता है।

Shri Swaprakaashaa - You are Self-luminous whose radiance all luminous bodies reflect.

44. **श्रीआदि-अहंकारा -** आप वैश्विक अहंकार है।

'आदि पुरुष (विराट्) की विचार करने वाली शक्ति के रूप में भी श्रीमहासरस्वती कार्यनिर्वाह करती हैं। यह प्रक्रिया वैश्विक अहंकार को जन्म देती है।'

Shri Adi Ahankara - You are the Cosmic ego.
"Shri Mahasaraswati also functions as thinking power of the Primordial Being. This process generates cosmic ego." (The Creation)

45. **श्रीआदिचित्ता -** आप वैश्विक सचेतन पूर्व मन हैं।

'वह परमेश्वर की प्रज्ञा को संदेश पहुँचाने के लिये डाकिये के समान कार्य करता है। (द क्रिएशन)

Shri Adi Chitta - You are the Cosmic pre-conscious mind.
"It acts like postman carrying the messages to the intellect of the Almighty." (The Creation)

46. **श्रीमनोवाचामगोचरा -** आपको मन से और वाणी से एवं शब्दों से समझना असंभव है। आपको केवल अनन्य भक्ति से ही पाया जा

सकता है।

Shri Mano-vaachaam-agocharaa - You are imperceptible with mind and words and one can attain you only through the Anannya Bhakti.

47. **श्रीचित्शक्तिः -** जो सर्वत्र कार्य करती है ऐसी दिव्य अवधान की शक्ति आप हैं।

'देवी महात्म्य कहता है, 'वह ऐसी हैं कि जिन्होंने चिति के रूप में विश्व की सारी वस्तुओं को व्याप्त कर दिया है।' श्री शिव के चित्त की शक्ति ही चिति है।

Shri Chit-Shakti - You are the power of Divine attention which works everywhere.

Devi Mahtmya says, "She is the one who has occupied every thing in the world in the form of Chiti." Chiti is the power of Shri Shiva's attention.

48. **श्रीचेतना-रूपा -** आप के रूपों में एक रूप चेतना है।

Shri Chetanaa-roopaa - Consciousness is one of your forms.

49. **श्रीजडशक्तिः -** निर्जीव अर्थात् जड द्रव्यों में आप सूप्त ऊर्जा हैं।

'एक अणु या परमाणु में एक शरीर और एक न्युक्लियस (केंद्रस्थान) होता है। केंद्रबिंदु मस्तिष्क है और उसके अंदर चेतना होती है।' (महाशिवरात्रि पूजा, १९८४)

Shri Jadashakti - You are latent energy in the inanimate.

"In an atom or a molecule, there is the body and the nucleus. The nucleus is the brain and inside the nucleus there is spirit" (Mahashivaratri Puja 1984)

50. **श्रीजडात्मिका -** आप जड़ में विग्रह (मूर्ति) युक्त हैं। विद्युत-

चुम्बकीय शक्ति का नि:सारण करने वाले अणु के केंद्रस्थान में आपका अस्तित्व है।

Shri Jadaatmikaa -You are embodied in the inanimate. You exist in the nucleus of atoms emitting vibrations of electro-magnetic force.

51. **श्रीतत्वमयी -** आप तत्व में एकरूप हैं, जो तत्व प्रत्येक वस्तु में विद्यमान है ऐसा अर्थात् ईश्वरीय ऊर्जा का आदि तत्व हैं। 'तत्' का अर्थ है 'वह' अर्थात् ब्रह्म और त्वम् का अर्थ है तू। इससे व्यक्तिगत चेतना और वैश्विक चेतना का ऐक्य सूचित किया जाता है।

Shri Tat-tva-mayi - You are one with the Tattva, the primordial principle Divine energy, which exists in every thing. Also, "Tat" means "that" i.e. Brahma and "tvam" means you, suggesting the unison of the individual spirit and universal spirit.

52. **श्रीतत्त्वाधिका -** सर्वव्यापी आदि तत्व को उल्लंघित कर के आप उस से पार जाती हैं।

Shri Tattva-adhikaa - You transcend all-pervading primordial principle.

53. **श्रीतत्त्वमर्थ-स्वरूपिणी -** आप वह हैं जिसका रूप आदि तत्व के साक्षात्कार की स्थिति है अर्थात् जैविक (व्यक्तिगत) चेतना तथा परम चेतना का ऐक्य हैं।

''आप अपने तत्व पर उछल पड़े हैं, इसलिये आप प्रत्येक के तत्व पर कूद पड़ती है। पर आप इस तत्व से निष्ठावान रहे क्योंकि इन सबका तत्व मैं हूँ। मैं तत्व, तत्वमय हूँ।'' (कौली मनोर सेमिनार, ३१.७.८२)

Shri Tattvam-artha-swaroopini - You are the one whose form is the state of realisation of the primordial principle meaning the state of the unison of the individual spirit and the supreme spirit.

"Because you have jumped on to your principle, on to your tattwa, you jump on to everybody's tattwa. But, be dedicated to that tattwa, because I am the principle of all these. I am the tattwa, tattwamaya." (Cawly Manor seminar - 31.7.82)

54. **श्रीधर्मदायिनी** - आप धर्म का महान गुण प्रदान करती हैं। धार्मिकता आप का महालक्ष्मी घटक है।

Shri Dharma-daayini - You give sterling quality of Dharma, righteousness your Mahalakshmi aspect.

55. **श्रीविराटांगना** - आदि पुरुष विराट् की शक्ति हैं। अर्थात् महालक्ष्मी शक्ति जिसने आदि चक्रों का निर्माण किया और उत्क्रान्ति की प्रक्रिया का नेतृत्व तथा सुरक्षा करने के लिये पुरुष अवतरणों की धारणा की और उनका प्रेषण किया।

Shri Viraataangana - You are the power of Primordial being Virata, i.e. the Mahalakshmi power who created Primordial Chakras and conceived and sent incarnations to lead and protect evolutionary process.

56. **श्रीधर्माधारा** - आप वह हैं जो धर्म को आधार देती हैं और धर्म का रक्षण करती हैं।

Shri Dharma-adhaaraa - You are the one who supports and protects Dharma.

57. **श्रीधर्म-वर्धिनी** - आप धार्मिक जीवन का प्रवर्तन करती है।

Shri Dharma-vardhini - You promote Dharmic life.

58. **श्रीअवतारशक्तिः** - आप वह शक्ति हैं जो स्वयं अवतरित होती हैं और पुरुष देवताओं के अवतरण भेजती हैं।

''वे पुरुष देवताओं के अवतरण भेजती हैं। उत्क्रान्ति का नेतृत्व करने तथा धार्मिक जीवन का प्रवर्तन करने के लिये करती हैं। दैत्यों

का नाश करने के लिये अतीत में उन्होंने अनेक वार स्वयं अवतार लिये हैं। अब वे पुनः एक बार अवतरित हो गयी हैं और विराट् का सहस्रार खोल दिया है और जनसमूह को एक ही समय पर आत्मसाक्षात्कार दिया है।'' (दी क्रिएशन)

Shri Avataar-Shakti - You are the power who incarnates as well as sends incarnations of male deities.

"She sends incarnations of male deities to lead evolution and for promoting Dharmic life. She herself incarnated several times in the past to destroy demons. Now She has again incarnated and opened Sahasrara of Virata and granted en-mass self realisation." (The Creation)

59. **श्रीमहारूपा-** आप के महान सगुण (गुणों से युक्त) तथा निर्गुण (गुणविहीन) रूप हैं।

Shri Mahaaroopaa - You have great Saguna and Nirguna (with attributes and without attributes) forms.

60. **श्री महापूज्या -** देवताओं, देवों, ऋषियों और मनुष्यों द्वारा आपकी पूजा की जाती है। आप के चरण कमलों की जब हम पूजा करते हैं तो तब सभी देवताओं की पूजा करते हैं।

Shri Mahaapujyaa - You are worshipped by deities, gods, sages and human beings. We worship all deities when we offer the Puja to your lotus feet.

61. **श्रीमहा-पातक-नाशिनी -** आप महा पापों का भी नाश करती हैं। आप जिसे नष्ट नहीं कर सकती ऐसा कोई भी पाप नहीं है।

Shri Mahaa-paatak-naashini - You destroy even great sins. There is no sin which you cannot destroy.

62. **श्रीमहामाया -** आप महामाया हैं और आपने सर्वशक्तिमान् परमात्मा की साक्षात मूर्ति होने वाली इस विश्व की प्रत्येक वस्तु निर्माण की है।

अब आप पूर्ण रूपाकार तथा सर्वशक्तियों के साथ आ गयी हो। इस रूप तथा शक्तियों को आपने मानवों के हित के लिये आच्छादित कर के रखा था और इसलिये वे अन्य वस्तुओं के समान लगते थे।

''महामाया एक सूक्ष्मतर शक्ति है। वह सब में सूक्ष्मतम है। इसे आप अपने मस्तिष्क या बुद्धिद्वारा बिलकुल समझ नहीं सकते तथा उसका स्पष्टीकरण भी नहीं दे सकते। वह कार्य करती है और केवल स्तंभित कर देती है। वह उन्हें मोहित करती हैं।'' .....''महा का मतलब है बड़ी, महान क्योंकि उसके पास सभी देवताओं की शक्ति है, सभी देवताओं पर वह नियंत्रण रखती है और सभी देवताओं के ऊपर उठकर वह उनके पार जाती है। माया का प्रेम और करुणा यह दूसरा अर्थ भी होता है।'' (संदर्भ-श्रीमाताजी का भाषण)

Shri Mahaamaayaa - You are the great Maya who has created every thing in the world with God Almighty's embodiment in it. Now you have arrived in your full form and powers that you have camouflaged for benefit of human beings.

"The Mahaamaayaa being the subtler force-is the subtlest of all which you cannot understand and explain through your brains at all.It acts and just stupefies, it stupefies them." ---- "Maha means the great, because it has all the powers of all deities, it controls all the deities, it surmounts over all the deities. Maya also means love and compassion." (Ref- Shri Mataji's talk)

63. **श्रीमहाशक्तिः -** आप परब्रह्म अर्थात् सर्वशक्तिमान् परमेश्वर की शक्ति हैं।

''सर्वशक्तिमान् परमात्मा और परमात्मा की शक्ति परम अस्तित्व (वस्तु) और पुरुष तथा महाशक्ति तथा सृष्टी की मातृशक्ति, प्रकृति या होली घोस्ट इस प्रकार से रहते हैं।'' (द क्रिएशन)

Shri Mahaashakti - You are the power of Supreme God Almighty, Parabrahma.

"God Almighty and His power exist as Supreme Being and Purusha and Mahashakti as the mother power of Creation, Prakruti or Holy Ghost" (The Creation).

64. **श्रीमहैश्वर्या** - संपूर्ण सृष्टि की सर्वश्रेष्ठ सम्राज्ञी के रूप में आप के पास परम और सबसे महान ऐश्वर्य है।

Shri Mahaishwaryaa - You are the one having greatest glory as Sovereign Empress of the entire Creation.

65. **श्रीमहाबला** - आप सबसे बलवती हैं।

Shri Mahabalaa - You are the mightiest.

66. **श्रीमहाबुद्धिः** - आप सबसे महान् बुद्धि अर्थात् दिव्य बुद्धि-प्रज्ञा हैं।

Shri Mahaabuddhi - You are the greatest intelligence i.e. Divine intelligence.

67. **श्रीसुज्ञतास्थापिनी** - सृष्टी में कोई भी वस्तु का निर्माण करने से पहले आपने सुज्ञता प्रस्थापित की।

Shri Sujnyataa-Sthaapini - You have established wisdom before creating anything of the Creation.

68. **श्रीअबोधिता-स्थापिनी** - सृष्टि में कोई भी वस्तु का निर्माण करने से पहले आपने अबोधिता प्रस्थापित की।

Shri Abodhitaa-Sthaapini - You have established innocence before creating any thing of the Creation.

69. **श्रीप्रेमदायिनी** - आप प्रेम की वृष्टि (वर्षा) करती हैं।

''सर्वशक्तिमान परमात्मा की इच्छाशक्ति होने से वह परमात्मा में प्रेम की ऊर्मि जागृत करती है। इस प्रकार सृष्टि में प्रेम भरा हुआ है।''

Shri Prema-daayini- You shower love.
"She as the Power of Desire of God Almighty awakens

the wave of love in Him. Thus, love is filled into the creation."

70. **श्रीआदि-ब्रह्म-नादा** - जब क्रियाशील होने के लिये महाशक्ति स्फुरित, स्पन्दित होती है तो वह आदि नाद आप हैं।

Shri Adi-Brahma-naada - You are the Primordial Divine sound when Shri Mahashakti pulsates to become active.

71. **श्रीओंकारा** - आप आदि दिव्य नाद ओम् हैं। यह प्रणव का, श्वसन का नाद है। ओम् अर्थात् अ ऊ म्, श्रीमहाकाली, श्रीमहासरस्वती तथा श्रीमहालक्ष्मी के एकात्म, अखण्डता का प्रतिनिधित्व करता है। वह देवनागरी की ध्वनिसंबंधित अक्षरों का तथा मन्त्रों का मूल उगम स्थान है।

सात आधारभूत ध्वनियों का एकरूप अखण्ड नाद भी वह है। (द क्रिएशन)

Shri Omkara - You are the Primordial Divine sound OM the sound of Pranava, the breathing, where AUM representing, Shri Mahakali, Shri Mahasaraswati, Shri Mahalakshmi integrated.

"It is the origin of phonetic Devanagari syllables and Mantras.

Also, it is the integrated sound of seven basic sounds (Naada-brahma)" (The Creation).

72. **श्रीविष्णुतत्त्वाधिश्वरी आदि-नाभि-चक्रे** - आप आदि-नाभि चक्र में विष्णुतत्त्व की अधीश्वरी हैं।

Shri Vishnu-tattwaa-dhishwari-adi nabhi chakre - You are the Goddess of the Vishnu tattwa at the Promordial Nabhi Chakra.

73. **श्रीपूर्णशक्तिः** - आप स्वयं अपने में ही परिपूर्ण हैं और अपनी परिपूर्ति के लिये किसी अधिक वस्तु की आवश्यकता आप को नहीं है।

Shri Poorna-shakti - You are complete in yourself

and do not need any thing more for your fulfilment.

74. **श्रीपूर्णरूपा -** आप अपने परिपूर्ण रूप में हैं।

Shri Poorna-Roopaa - You are in your complete form.

75. **श्रीपूर्ण-ब्रह्म-स्वरूपिणी -** आप सर्वशक्तिमान परमात्मा अर्थात् ब्रह्म का संपूर्ण आविष्कृत रूप हैं।

Shri Poorna–Brahma-sawroopini - You are the complete manifest form of Brahma, the God Almighty.

76. **श्रीमृत्युंजया -** आप मृत्यु की विजेता हैं।

Shri Mrutunjayaa - You are the conquerer of death.

77. **श्रीमृत्युंजयेश्वरी -** जिन्होंने मृत्यु पर विजय प्राप्त की है ऐसे लोगों के ईश्वर श्रीशिव अर्थात् मृत्युंजयेश्वर की आप शक्ति हैं।

आप अमर प्राणियों की देवी हैं। पुरुषसूक्त में कहा है, ''सर्वशक्तिमान परमात्मा अर्थात् पुरुष के एक भाग से हजारों विश्व अस्तित्व में आये और तीन भागों से अमर प्राणी अर्थात् देव-देवता अस्तित्व में आये हैं।''

Shri Mrutyun-jaya-ishwari - You are the power of Mrutyun-jayeshwara, Shri Shiva the God of those who have conquered death.

You are the Goddess of immortal beings. Purusha Sukta says "From one part of God Almighty, Purusha, a myriad of universes came into existence and from three parts came immortal beings, i.e. Gods and deities"

78. **श्रीमुक्तिदायिनी -** आप अहंकार, उपाधियां तथा गतजन्मों के कर्मों के प्रतिफलों से मुक्ति प्रदान करती हैं। क्योंकि जब आप कुण्डलिनी जागृत करती हैं तब इन सब का शोषण हो जाता है। और आप की

कृपा से कुण्डलिन सहस्रार में स्थिर हो जाती है।

Shri Mukti-daayini - You grant liberation from the ego, conditionings and rewards of Karmas of past lives as these are sucked in when you awaken the Kundalini and by your grace, the Kundalini settles in the Sahasrara.

79. **श्रीमुक्तिनिलया -** आप चरम मुक्ति का निवास हैं। मुक्त आत्मायें आप के चरण कमलें को प्राप्त करती हैं।

Shri Mukti-nilayaa- You are the abode of ultimate liberation. Liberated souls attain your lotus feet.

80. **श्रीमहादेवी -** आप सब से महान् देवी, श्रीमहादेव की शक्ति हैं।

Shri Mahaadevi - You are the greatest Goddess, the power of Shri Mahadeva.

81. **श्रीअकुला -** सृष्टि के अस्तित्व के पूर्व में भी आप विद्यमान थी इसलिये आपका कोई भी कुल नहीं है।

Shri Akulaa - You have no clan as you existed even before creation came into existence.

82. **श्रीसमयान्तस्था -** आप भूत, वर्तमान तथा भविष्य के परे हैं।

आप ने ग्रहों को गतिमान किया है और उसी पर समय का निर्धारण किया जाता है। देवी-माहात्म्य कहता है, 'कलाकाष्ठादिरूपेण परिणामप्रदायिनी। विश्वस्योपरतौ शक्ते नारायणि नमोऽस्तुते।। श्रीनारायणि, आपको प्रणाम हो! आप विश्व के परे हैं और प्रत्येक क्षण में, या समय के लघुतम अंश कला और काष्ठा में परिवर्तन दर्शाती है। (कला और काष्ठा पुरातन कालमापन के एकक हैं।)

युगानुयुगों के अन्त में जब सृष्टि प्रलयकालीन जलप्लावन से पूरी तरह डूब जाती है, तब आप आप के पति प्रभु परमेश्वर के साथ विद्यमान रहती हैं।

Shri Samaya-antasthaa - You are beyond past, present and future.

You have set planets into motion based on which time is fixed. Devi Mahatmya says "Kalaa Kaashthaadi roopena parinaama pradaayini, Vishvasyoparatau shakte Narayani namostute." Salutations to Shri Narayani, who is beyond the universe, and shows changes every moment, or at every smallest division of time, Kalaa and Kashthaa (the units of time of ancient yore.)"

You are present with your Lord Parameshwara when the creation is submerged by cataclysmic floods, at the end of aeons.

83. **श्रीसमयाचारतत्परा -** समय की आवश्यकता के अनुसार आप क्रिया करने में तत्पर हैं। अपनी सन्तानों की रक्षा के लिये समय की आवश्यकता के अनुसार आप रूपों में अवतरण लेती हैं।

Shri Samaya-achaar-tatparaa- You are alert to take action according to the need of the time. You incarnate in the forms necessary according to the need of the time to protect your children.

84. **श्रीमूलाधारैकनिलया -** आदि सत्त्व विराट के आदि मूलाधार में आप निवास करती हैं।

Shri Moolaadhaaraik Nilayaa - You reside in the Adi Mulaadhaara of the Primordial Being, Virata.

85. **श्रीसर्वग्रंथिविभेदिनी -** आप ग्रन्थियों को अन्दर विद्ध कर के उनमें प्रवेश करती हैं और सांसारिक जीवन की आसक्तियों से उन्हें मुक्त करती हैं। ''अग्नि-ब्रह्म-ग्रन्थि मूलाधार चक्र, मूलाधार और स्वाधिष्ठान चक्र के बीच में है, सूर्य-विष्णु-ग्रन्थि नाभि और हृदय चक्र के बीच में है और जहाँ विशुद्धि और आज्ञा चक्र मिलते हैं वहाँ चन्द्र-रूद्र-ग्रन्थि हैं। (बीज मंत्र, लंदन १९७८)

Shri Sarva granthi Vibhedini - You pierce through the Granthis and liberate from attachments to worldly life.

"Agni-brahma-granthi is between the Moolaadhaara Chakra, the Moolaadhaara and the Swadhishthan chakras, the Surya-vishnu-granthi is between the Nabhi and the Hridaya Chakras and the Chandra-rudra-granthi is where the Vishuddhi and the Ajnya chakras meet". (Beeja Mantra London 1978)

86. **श्रीसुधाधारावभिर्षिणी -** सहस्रार चक्र में आरोहण कर, आप अमृत की वृष्टि करती है। सुधा अर्थात् प्रणव जो कि स्पंदन या चैतन्य लहरें हैं।

Shri Sudhaa-dhaara-abhivarshini - Ascending in the Sahasrara Chakra you shower the ambrosia, i.e. Pranava, which is Vibrations.

87. **श्रीभवानी -** आप सृष्टि को जीवन प्रदान करने वाली हैं। भव, श्री शिव हैं और भवानी उनकी शक्ति हैं।

Shri Bhavaani- You are the giver of life to the creation. Bhava is Shri Shiva and Bhavani is His power.

88. **श्रीभद्रमूर्तिः -** आप श्रीशिव का आविष्कार करती हैं। श्रीशिव को भद्र नाम से भी जानते हैं। उसका अर्थ मांगल्यदायक।

Shri Bhadra-murty-You manifest Shri Shiva who is also known as Bhadra the one who confers auspiciousness.

89. **श्रीभक्तिप्रिया -** आप भक्ति से आनंदित होती हैं।

Shri Bhakti-priyaa - You are delighted with Bhakti.

90. **श्रीभक्तिगम्या -** आप केवल भक्ति के द्वारा ही जानी जा सकती हैं।

Shri Bhakti-gamyaa - You can be known only with Bhakti.

91. **श्रीभक्तिवश्या -** आप भक्ति से वश होती है।

Shri Bhakti-vashyaa - You are won with Bhakti.

92. **श्रीभक्त-सौभाग्य-दायिनी -** अपने भक्तों को आप सौभाग्य प्रदान करती हैं।

Shri Bhakta-saubhaagya-daayini - You bestow good fortune on your devotees.

93. **श्रीभयापहा -** आप भय का निवारण करती हैं।

Shri Bhaya-apahaa - You are remover of fear.

94. **श्रीशारदाराध्या -** विद्या की देवता शारदा द्वारा आप की आराधना की जाती है।

Shri Shaaradaa-araadhyaa - You are worshipped by Shaaradaa, the Goddess of learning.

95. **श्रीशरदच्चन्द्रनिभानना -** आप का मुख शरद् ऋतु के चन्द्रमा के समान है।

Shri Sharad-chandra-nibhaananaa- Your face is like autumnal moon.

96. **श्रीशान्तिमती -** आप शान्त (शान्ति से युक्त) हैं।

Shri Shaantimati - You are peaceful.

97. **श्रीनिराधारा -** आप संपूर्ण सृष्टि की आधार हैं इसलिये आप स्वयं आधारविहीन हैं।

Shri Nira-adhaaraa- You are without support as you are the support of the creation.

98. **श्रीनिरंजना -** आप मूर्तिमान दिव्य आनन्द है और आप दिव्य

आनन्द का नि:सारण करती हैं। इसलिये आप को बाह्य आनन्द की आवश्यकता नहीं है।

Shri Niranjanaa - You are Divine Joy personified and you emit Divine Joy. Hence, you do not need external joy.

99. **श्रीनिर्लेपा -** आप किसी भी अशुद्धि से विहीन है।

Shri Nirlepaa - You are without any impurity.

100. **श्रीनित्या -** आप नित्य हैं।

Shri Nityaa - You are eternal.

101. **श्रीनिराकारा -** आप आकारविहीन हैं।

Shri Niraakaaraa - You are formless.

102. **श्रीनिर्मला -** आप निर्मल हैं।

Shri Nirmala - You are immaculate.

103. **श्रीनिर्गुणा -** आप गुणविहीन या किसी विशेष से विहीन हैं। आप सृष्टि के प्रत्येक वस्तु में विद्यमान हैं और सृष्टि के भी उस पार लांघ कर जाती हैं।

Shri Nirgunaa - You are without any qualities or attributes being present in every thing of Creation and also transcending the Creation.

104. **श्रीशांता -** आप शान्ति और निर्वृति हैं।

Shri Shaantaa - You are peace and tranquillity.

105. **श्रीनिष्कामा -** आप की कोई कामना नहीं है।

Shri Nishkaamaa - You have no desires.

106. **श्रीनिरुपप्लवा -** आप अविनाशी हैं।

Shri Nirupa-plavaa - You are indestructible.

107. **श्रीनित्यमुक्ता -** आप सदैव मुक्त हैं।

Shri Nitya-muktaa - You are eternally free.

108. **श्रीनिष्प्रपंचा -** आप पाँच तत्वों से बने हुए संसार के परे हैं अर्थात् पाँच भौतिक संसार के उस पार।

Shri Nish-pra-panchaa - You are beyond the world composed of five elements i.e. mundane world.

109. **श्रीनिराश्रया -** आप का कोई आश्रय नहीं क्योंकि आप ही सबका आश्रय हैं।

Shri Nira-ashrayaa - You have no shelter since you are shelter to all.

110. **श्रीनित्यशुद्धा -** आप सदैव शुद्ध हैं।

Shri Nitya-shuddhaa - You are eternally pure.

111. **श्रीनित्यबुद्धा -** आप सदैव प्रबुद्धित हैं और दूसरों को प्रबुद्धता देती हैं।

Shri Nitya-buddhaa - You are ever enlightened and give enlightenment to others.

112. **श्रीनिरन्तरा -** आप सदैव विद्यमान हैं। ऐसा कोई भी समय नहीं कि आप सहायता के लिये आसपास नहीं हैं।

Shri Nirantaraa - You are ever present. There is no time when you are not around to help.

113. **श्रीनिष्कारणा -** आप का कोई भी कारण नहीं है क्योंकि आप ही प्रत्येक वस्तु का कारण हैं। और फिर कारण न होते हुए भी आप

अनुकम्पा से युक्त है क्योंकि अनुकम्पा से युक्त होना आप का स्वभाव है। 'कोमल चित अति दीनदयाला। कारण बिन रघुनाथ कृपाला।।' - तुलसीदास। श्रीराम जो अत्यंत दयालु हैं, उनका हृदय बहुत ही कोमल है, क्योंकि बिना किसी कारण से वे कृपालु हैं।

Shri Nish-kaaranaa - You have no cause since you are the cause to every thing. Also, without any reason you are compassionate as it is your nature to be compassionate. Komal chita ati deena dayalaa kaaran bin Raghunath kripalaa- Tulsidas. Shri Rama who is extremely compassionate has very tender mind, for he is compassionate without any reason.

114. **श्रीनिरूपाधिः -** कोई भी शब्द, उपमा, रूपकादि आप का वर्णन नहीं कर सकते। आप केवल और परिपूर्ण हैं और परिपूर्ण शब्दों से परे होता है।

Shri Nirupaadhi - No words, similes, metaphors etc can describe. you. You are absolute and the absolute is beyond words.

115. **श्रीनिर्मदा -** आप गर्वरहित हैं।

Shri Nirmadaa - You are devoid of pride.

116. **श्रीमदनाशिनी -** आप गर्व का नाश करती हैं। देवी माहात्म्य ने आपका वर्णन किया है, ''जो शक्तिमान क्रूर दैत्यों के गर्व का नाश करती है वह आप हैं।''

Shri Mada-naashini - You destroy pride. Devi Mahatmya describes you "The one who destroys the pride of mighty and ferocious demons"

117. **श्रीनिश्चिंता -** आप आत्मविश्वासी होने के कारण चिन्तारहित हैं।

Shri Nishchintaa - You are without any worry as you are self- confident.

118. **श्रीनिरहंकारा -** आपको अहंकार नहीं हैं।

Shri Niraham-karaa - You are egoless.

119. **श्रीनिर्मोहा -** आप को मोह नहीं है।

Shri Nirmohaa - You have no temptation.

120. **श्रीमोहनाशिनी -** आप मोह का नाश करती हैं। सन्त एकनाथ ने उनकी 'जोगवा' नामक रचना में मोह को महिषासुर के समान कहा है। ''श्रीभवानी जो अनादि (जिस का कोई प्रारंभ नहीं) और निर्गुण (गुणविहीन) हैं वह मोह का जो कि महिषासुर है, नाश करने आ पहुँची हैं।

Shri Moha-naashini - You destroy temptation. Saint Ekanath in his Jogva has likened temptation to demon Mahishasura. " Shri Bhavani who is without beginning and attributes has arrived to destroy temptation which is demon Mahishasura"

121. **श्रीनिर्ममा -** आप किसी भी चीज़ में आसक्त नहीं हैं।

Shri Nirmamaa - You are not attached to anything.

122. **श्रीममताहंत्री -** आप आसक्ति का नाश करती हैं।

Shri Mamataahantri - You destroy attachment.

123. **श्रीनिष्पापा -** आप निष्पाप अर्थात् पापरहित हैं।

Shri Nishpaapaa - You are sinless.

124. **श्रीपापनाशिनी -** आप पापों का नाश करती हैं।

Shri Paapa-naashini - You destroy sins.

125. **श्रीनिष्क्रोधा -** आप कभी भी क्रोध नहीं करती।

Shri Nishkrodhaa - You are never angry.

126. **श्रीक्रोधशमनी -** आप क्रोध को शान्त करती हैं। आप ने पुनः पुनः क्षमा करने पर जोर दिया है। गगनगिरि महाराज के क्रोध को आप ने कैसे शान्त किया, यह आप ने हमें बताया है। क्योंकि गगनगिरि महाराज उस वर्षा को रोक नहीं सके जिससे आप पूरी भीग गयीं थीं। यह घटना सदैव हमारी पथदर्शक होगी।

Shri Krodha-shamani - You pacify anger. You have repeatedly emphasised on forgiving. You have told us how you pacified anger of Gagan-giri-maharaj, when he could not stop rain which drenched you. It will guide us for ever.

127. **श्रीनिर्लोभा -** आप बिलकुल पूर्णता से लोभ रहित हैं।

Shri Nirlobhaa - You are absolutely without greed.

128. **श्रीलोभनाशिनी -** आप लोभ का नाश करती हैं।

Shri Lobha-naashini - You destroy greed.

129. **श्रीनि:संशया -** आप को संशय नहीं है।

Shri Nis-sanshayaa- You have no doubts.

130. **श्रीसंशयाघ्नी -** आप संशय, शंकाओं का नाश करती हैं। आप साधकों को नि:संदेह संवेदना बोध की ओर ले जाती हैं।

Shri Sanshaya-ghni - You destroy doubts. You take seekers to doubtless awareness.

131. **श्रीनिर्नाशा -** आप नाशविहीन हैं।

Shri Nirnaashaa - You are imperishable.

132. **श्रीमृत्युमथनी -** आप मृत्यु का नाश करती हैं।

'आप की देखभाल करने परब्रह्म आया है। उस का अवलम्बन कीजिये। फिर तो मृत्यु को भी पीछे लौटना पडता है, तो फिर इन छोटी - छोटी बातों के संबंध में क्या?'' (कौली मनोर सेमिनार, ३१.७.८२)

Shri Mrutyumathani - You are destroyer of death.

"The Parabrahma has come to look after you. Cling on to it. Even the death has to go back, then what about these minor things" (Cawley Manor seminar-31.7.82)

133. **श्रीनिष्क्रिया -** आप क्रियाविहीन हैं। फिर भी आप प्रत्येक कार्य करती हैं।

Shri Nishkriyaa- You are without action. Yet you do every thing.

134. **श्रीनिष्परिग्रहा -** आप अपने लिये किसी भी चीज़ का स्वीकार नहीं करती परंतु अपने बच्चों को आनंदित करने के लिये भक्ति से समर्पित की गयी वस्तुओं को स्वीकार कर लेती हैं।

Shri Nish-pari-grahaa - You do not accept anything for yourself but receive the offerings made with devotions only to please your children.

135. **श्रीनिस्तुला -** आपके समान कोई भी नहीं है।

Shri Nistulaa-You are unequalled.

136. **श्रीनील-चिकुरा -** आप काले केशोंवाली हैं।

Shri Neelachikura - You are dark haired.

137. **श्रीनिरत्यया -** आप परमश्रेष्ठ हैं और आप से अधिक श्रेष्ठ ज्येष्ठ कोई भी नहीं हो सकता।

Shri Niratyayaa - You are supreme and none can be

superior to you.

138. **श्रीदुर्लभा** - आप अप्राप्य है क्योंकि भक्ति के द्वारा आपके पास कोई आ सकता है।

Shri Durlabhaa- You are unattainable as you can be attained through Bhakti.

139. **श्रीदुर्गमा** - आपके निकट आना असंभव है क्योंकि भक्ति के द्वारा आपके पास कोई आ सकता है।

Shri Durgamaa - You are unapproachable as you can be approached through Bhakti.

140. **श्रीदु:खहंत्री** - आप दु:ख निवारण करती हैं।

Shri Dukkha-hantri - You are the remover of pain.

141. **श्रीसुखप्रदा** - आप सुख देती हैं।

Shri Sukhapradaa - You confer happiness.

142. **श्रीदुष्टदूरा** - आप वह हैं जिनसे नकारात्मक तथा दुष्ट लोग पलायन करते हैं।

Shri Dushta-dooraa - You are the one from whom negative and wicked people flee.

143. **श्रीदुराचार-शमनी** - आप अनैतिक आचरण का निराकरण करती हैं।

Shri Duraachaara-shamani - You dispel immoral behaviour.

144. **श्रीअज्ञान-तिमिर-नाशिनी** - आप अज्ञान के अंध:कार का निरास करती हैं।

Shri Ajnyaana-timir-naashini - You dispel darkness of ignorance.

145. **श्रीताप-त्रय-निवारिणी** - सांसारिक जीवन की व्यथाओं तथा आधियों का आप निवारण करती हैं।

Shri Taapa-traya-nivaarini - You remove pains and anguish of worldly life.

146. **श्रीभ्रान्तिरूपेण संस्थिता** - अहंकार को प्रत्यक्ष प्रकट करने के लिये आप हेतुपूर्वक किसी को गलतियाँ करने को प्रेरित करती हैं।

Shri Bhranti- rupena-sansthitaa - You deliberately lead one to make errors to expose the ego.

147. **श्रीसर्वज्ञा** - आप सर्वज्ञ (सब जानने वाली) हैं।

Shri Sarvajnyaa - You are omniscient.

148. **श्रीकरुणा-रस-सागरा-** आप करुणा का महासगार हैं।

Shri Karunaa-rasa-saagaraa- You are the ocean of compassion.

149. **श्रीसर्वमंगलकारिणी** - आप प्रत्येक वस्तु को मंगल बनाती हैं।

Shri Sarva-mangal-kaarini - You make every thing auspicious.

150. **श्रीसर्वमंगल-मांगल्या** - जो कुछ भी मंगल हैं उन सब की मंगलता आप हैं।

Shri Sarva-mangal-maangalyaa - You are auspiciousness in all that is auspicious.

151. **श्रीसर्वेश्वरी** - आप सब की देवी (ईश्वरी) हैं।

Shri Sarveshwari - You are Goddess of all.

152. **श्रीसर्वमन्त्रस्वरूपिणी** - आप सब मन्त्रों के रूप में हैं।

Shri Sarva-mantra-swaroopini - You are in the form of all Mantras.

153. **श्रीसर्वदेवताधारिणी** - आप ने अपने शरीर में सभी देवताओं को धारण किया है।

Shri Sarva-devataa-dhaarini - All the deities are ensconced in your being.

154. **श्रीसर्वमानववासिनी** - सब मानव प्राणियों में आप निवास करती हैं।

Shri Sarva-maanava-vaasini - You reside in all human beings.

155. **श्रीषट्चक्रोपरि-संस्थिता** - आप सभी चक्रों पर रहती हैं। ''अब भवसागर को स्थापित करना है। सबसे पहले आपने अपने गुरू को जानना ही चाहिये और वह सभी चक्रों पर हैं। कल्पना कीजिये कि आपकी गुरु कितनी महान व भव्य हैं।'' (पूजा के संबंध में श्रीमाताजी का उपदेश)

Shri Shat-chakro-pari sansthitaa - You reside on all the Chakras. "Now, the Void is to be established. First of all, you must know your Guru and She is on every Chakra. Imagine what tremendous Guru you have." (Mother's advice on Puja).

156. **श्रीमाहेश्वरी** - श्रीमहेश्वर, जो कि श्रीसदाशिव हैं, उनकी शक्ति आप हैं।

Shri Maaheshwari - You are the power of Shri Maheshwara who is Shri Sadashiva.

157. **श्रीमहाभैरवपूजिता** - श्रीसदाशिव द्वारा आप का पूजन किया जाता है। श्रीसदाशिव को ही श्रीमहाभैरव नाम से जाना जाता है।

Shri Mahaa-bhairava-pujitaa - You are worshipped by Shri Sadashiva who is also known as Shri Mahabhairava.

158. **श्रीचराचर-जगन्नाथा -** चर (सजीव) तथा अचर (निर्जीव) जगत की आप स्वामिनी हैं।

Shri Chara-achara-jagan-naathaa - You are the lord of the animate and inanimate world.

159. **श्रीसहस्र-शीर्ष-वदना -** आप के हजार मस्तक और हजार मुख हैं।

''आदि सत्त्व अर्थात् पुरुष के हजार मस्तक, हजार आँखें और हजार चरण हैं। सारी पृथ्वी को व्याप्त कर के वह (पुरुष) दस अंगुल ऊपर उठ गया है।'' पुरुष सुक्त

Shri Sahasra-sheersha-vadanaa - You have a thousand heads and a thousand mouths.

"The Primordial Being, Purusha has a thousand heads, a thousand eyes and a thousand feet. Pervading the whole earth he has risen high ten units." Purusha Sookta.

160. **श्रीसहस्राक्षी -** आप की हजार आँखें हैं।

Shri Sahasra-akshee - You have a thousand eyes.

161. **श्रीसहस्रपाद् -** आप के हजार चरण हैं।

''जब आप सहजयोग में आते हैं, तो आपको यह जानना चाहिये कि जो आप की रक्षा, पालन, देखभाल कर रहा हैं, उसके कोटि कोटि हाथ हैं। अगर आप उनकी सुरक्षा का आश्रय लेंगे, तो आप, जिस से आप को पकड़ आ जाती है और आप निष्कारण ही पीड़ित होते हैं, ऐसी गलत बातें करेंगे ही क्यों? अगर आप को पकड़ आ गयी तो आसानी से आप स्वच्छ हो जाते हैं, आप की पकड़ हट जाती हैं।'' (श्रीआदिशक्ति पूजा, दिल्ली, ५.१२.१९९५)

Shri Sahasra-paad - You have a thousand feet.

"When you come to Sahaja Yoga, you should know that the one who is looking after you has crores of hands. If you go under her protection then why would you do

wrong things by which you get catches and become uselessly troubled. If you are caught, it gets cleard just like that." (ShriAdishakti Puja-Delhi 5.12.95).

162. **श्रीचक्रराज-निलया** - आप श्रीचक्र अथवा सहस्रार में निवास करती हैं।

Shri Chakra-raaj-nilayaa - You reside in the Shri Chakra or the Sahasrara.

163. **श्रीचिन्मयी** - आप ईश्वरीय चित्त हैं।

Shri Chinmayi - You are Divine attention.

164. **श्रीपरमानन्दा** - आप परम (उच्चतम) आनंद हैं।

Shri Paramaanandaa - You are supreme Bliss.

165. **श्रीध्यान-ध्यातृ-ध्येयरूपा** - आप ध्यान, ध्यान करने वाला और ध्यान का विषय इन तीनों की एकता हैं।

Shri Dhyaana-dhyaatru-dhyeya-rupaa- You are the state of oneness of the meditation, meditator and the object of meditation.

166. **श्रीधर्माधर्मविवर्जिता** - आप धर्म और अधर्म के परे हैं। अधर्म का अर्थ धर्म का विरोध। आप धर्मातीत हैं और आपने सृष्टि में धर्म की प्रतिष्ठा की है।

Shri Dharma-adharma-vivarjitaa - You transcend Dharma and Adharma (opposite of Dharma).You are dharmateet and have installed Dharma (sustenance) in the Creation.

167. **श्रीविश्वरूपा** - विश्व के रूप में जो आविष्कृत होती हैं, वह आप हैं।

Shri Vishwaroopaa - You are the one who manifests

as universe.

168. **श्रीजागरिणी** - आप जागरूक हैं और जागृत भी करती हैं। दैत्यों से युद्ध करने के लिये आपने श्रीविष्णु को निद्रा से जगाया वह आप ही हैं, जो मनुष्यप्राणी में निद्रा रूप में विद्यमान हैं और आप ही उन्हें नींद से जगाती हैं। और फिर, आप मनुष्य की कुण्डलिनी भी जागृत करती हैं। मनुष्य को सत्य का बोध देती हैं। उत्थान की आवश्यकता के लिये भी आप लोगों को जागृत करती हैं।

Shri Jaagarini - You are wakeful and also awaken. You awakened Shri Vishnu from sleep to fight demons. You are the one who exists in every human being as sleep and also awaken him from sleep. Also, you awaken his Kundalini, making him aware of truth. You awaken people to the need to ascend.

169. **श्रीस्वपन्ती** - आज स्वप्नावस्था हैं।

Shri Swapanti - You are dream state.

170. **श्रीतैजसात्मिका** - सब जीवों का सामूहिक रूप आप हैं। जीव अर्थात् सब मानवों की चेतना, बोध हैं। जब जीव स्वयं स्थूल शरीर धारण करता है और इंद्रियों के द्वारा बाह्य क्रियाओं से अनुबंधित होता है तब उसे जागरी जाना जाता है। उस व्यक्तता या पृथक्ता स्वप्नावस्था में सूक्ष्म शरीर में विलीन हो जाती है।

Shri Taijasatmikaa - You are collective form of all the Jeevas i.e. the consciousness of all human beings. Jeeva is known as Jagari when he takes upon himself the gross body and is involved in external activities through senses. His individuality is merged in the subtle body in the state of Swapna i.e.dream.

171. **श्रीसुप्ता** - आप गाढ़ी स्वप्नरहित निद्रा की अवस्था हैं।

Shri Sooptaa - You are the state of deep, dreamless sleep.

172. **श्रीतुर्या -** आप चतुर्थ अवस्था हैं।

''चौथी अवस्था तुर्या है जब आप निर्विचार में होते हैं। जब कोई भी विचार नहीं होता तो, आप को अबोध होना ही होता है। जब कोई भी विचार नहीं होता तब आप चैतन्य लहरों से युक्त होते हैं। जब कोई विचार नहीं होता, तब आप किसी में भी आसक्त नहीं हो सकते।''

Shri Turyaa - You are the fourth state.

"The fourth state is Turya in which you are in the thoughtless awareness. When there is no thought you have to be innocent. When there is no thought, you have vibrations. When there is no thought, you cannot be attached to any one."

173. **श्रीसर्वावस्थाविवर्जिता -** आप चारों अवस्थाओं से परे, ऊपर हैं।

Shri Sarva-avasthaa-vivarjitaa - You transcend all the four states.

174. **श्रीभगवती -** आप परम ईश्वरी हैं और छह रूपों से युक्त हैं : ऐश्वर्य, धार्मिकता, कीर्ति, समृद्धि, प्रज्ञा और विवेक।

देवी भागवत के अनुसार, ''वह विश्व की उत्पत्ति और लय जानती हैं, प्राणियों का आवागमन जानती हैं और परिपूर्ण ज्ञान से युक्त हैं इसीलिये उन्हें भगवती कहा जाता है।'' उसका एक अर्थ यह भी है कि सब देवतओं द्वारा उसका पूजन किया जाता है और वह उन्हें आशीर्वाद देती हैं। श्रीमाताजी के आगमन के पहले हम परमेश्वर का केवल भगवती रूप जानते थे। उनके अवतरण के बाद श्रीमाताजी ने अपने आदिशक्ति रूप का अधिक स्पष्ट रूप से विवेचन किया।

Shri Bhagavati - You are the Supreme Goddess, having six aspects, viz, the supremacy, righteousness, fame, prosperity, wisdom, and discrimination.

According to Devi Bhagwat "As She knows the origin,

and dissolution of universe, the going and coming of beings, and absolute knowledge, She is called Bhagawati." It also means, the one who is worshipped by all Gods and who blesses them. Before the advent of Shri Mataji we only knew upto Bhagawati aspect of the Supreme Goddess. After her incarnation, she explained more clearly the meaning of Adi Shakti aspect.

175. **श्रीश्रुति-संस्तुत-वैभवा** - आप के वैभव की वेदों द्वारा स्तुति की जाती है। वेदों में जो ज्ञान है उसे सम्पूर्ण, परम, माना जाता है। क्योंकि वह दिव्य ज्ञान है ऐसा वेदों के ज्ञान के बारे में कहा जाता है। और वह ऋषियों को जिस प्रकार से प्रकाशित हुआ, उस रूप में है। वह ज्ञान 'अपौरूषेय' अर्थात् किसी पुरुष या मानव द्वारा रचित नहीं है।

Shri Shruti-saunstuta vaibhavaa - Your glory is praised by the Vedas.

The knowledge in the Vedas is considered absolute as they are said to be the knowledge which has come from Divine, in the form of revelations to sages. 'Apaurusheya' i.e. not composed by any human being.

176. **श्रीपुरुषार्थप्रदा** - मनुष्य जीवन के चार उद्देश्य (पुरूषार्थ) आप प्रदान करती हैं-धर्म, अर्थ (धन), काम (इच्छा), मोक्ष।

Shri Purushaartha-pradaa - You bestow four objects of human life, Dharma-righteousness, Artha-wealth, Kaama-desire and Moksha-salvation.

177. **श्रीपूर्णा** - आप स्वयं अपने में परिपूर्ण है। आपने अपने परिपूर्ण रूप में अवतार लिया है और फिर भी आप का शेष भाग भी परिपूर्ण है। कुण्डलिनी शेष भाग की शक्ति है पर वह भी स्वयं अपने में परिपूर्ण है। पर केवल आत्मसाक्षात्कार के पश्चात् ही उसकी परिपूर्ति होती है।

Shri Poornaa - You are complete in yourself. You have incarnated in your complete form and yet your residual form is also complete. Kundalini is the residual power

but it is complete in itself, however, it is fulfilled only after the self-realisation..

178. **श्रीअम्बिका -** आप सृष्टि की माता हैं।

Shri Ambikaa - You are the mother of the Creation.

179. **श्रीहरि-ब्रह्मेन्द्र-सेविता -** श्रीहरि अर्थात् श्रीविष्णु, श्रीब्रह्मदेव तथा श्रीइन्द्र द्वारा आपकी सेवा की जाती है।

Shri Hari-Brahmendra-sevitaa - You are served by Shri Hari i.e. Shri Vishnu, Shri Brahmedeva and Shri Indra.

180. **श्रीभुवनेश्वरी -** आप सर्व भुवनों की अर्थात् विश्वों की परम ईश्वरी हैं।

Shri Bhuvaneshwari - You are the Supreme Goddess of Universes, Bhuvanas.

181. **श्रीब्रह्मरूपा -** सृष्टि के विधाता ब्रह्मदेव का आप आविष्कार करती हैं। इस प्रकार आप भी विधाता अर्थात् सृजन करने वाली हैं।

Shri Brahmaroopaa - You manifest Shri Brahmadeva, the creator of universes. Thus, you are the creator.

182. **श्रीगोप्त्री -** आप विश्वों का रक्षण करती हैं।

Shri Goptri - You are the protector of universes.

183. **श्रीगोविन्दरूपिणी -** आप श्रीगोविन्द अर्थात् श्रीविष्णु का आविष्कार करती हैं। इस प्रकार आप रक्षक हैं।

''श्रीविष्णुरूपिणी'', ललिता सहस्रनाम में यह विशेषण दिया गया है। और फिर 'गो का अर्थ वैदिक शब्द भी है। तो वह श्रीविष्णु के रूप में शब्द का व्याप्त करती हैं और शक्ति प्रदान करती है।

Shri Govinda-rupini - You manifest Shri Govinda

i.e..Vishnu, Thus you are the protector.

"Shri Vishnu-roopini," an epithet in the Lalita Sahasra naam. Also, Go means Vedic words that she, as Shri Vishnu, pervades and gives power to.

184. **श्रीरुद्ररूपा** - श्रीशिव की विनाशक अवस्था या रूप का आप आविष्कार करती हैं। इस प्रकार आप विनाशिका हैं।

Shri Rudrarupaa - You manifest Rudra the destructive aspect of Shri Shiva. Thus, you are the destroyer.

185. **श्रीक्षेत्रस्वरूपा** - आप वह हैं जो क्षेत्र के रूप में हैं। क्षेत्र अर्थात् प्रकट जगत्। क्षेत्र का एक अर्थ मनुष्य देह यह भी है और क्षेत्रज्ञ का अर्थ क्षेत्र को जानने वाला। क्षेत्र और क्षेत्रज्ञ।

Shri Kshetra-swaroopaa - You are the one whose form i s Kshetra, the manifest world, the field. Kshetra also means human body and Kshetrajnya the knower of the field. The field and the knower of the field.

186. **श्रीक्षेत्रेशी** - आप क्षेत्र की ईश्वरी हैं। क्षेत्र अर्थात् प्रकट जगत्।

Shri Kshetreshee - You are the Goddess of Kshetra i.e. manifest world.

187. **श्रीक्षेत्र-क्षेत्रज्ञ-पालिनी** - आप क्षेत्र अर्थात् सृष्टि तथा क्षेत्रज्ञ अर्थात् जो क्षेत्र को जानता है, इनकी रक्षक हैं। क्षेत्र चेतना से व्याप्त है।

Shri Kshetra-kshetrajnya-paalini - You are the protector of the Kshetra i.e. creation and Kshetrajnya i.e. the one who knows the Kshetra which is pervaded by the Spirit.

188. **श्रीक्षय-वृद्धि-विनिर्मुक्ता** - आप जो कुछ हैं, और जो कुछ भी होंगी वैसी ही आप हैं, इस कारण से आप विनाश और वृद्धि से मुक्त हैं।

Shri Kshaya-vruddhi-vinir-muktaa - You are free from decay and growth as you have been and shall be what you are.

189. **श्रीविजया -** आप सदैव विजयी होती हैं।

Shri Vijayaa- You are always victorious.

190. **श्रीवन्दारु-जन-वत्सला -** आप के भक्तों से आप को बहुत वत्सलता अर्थात् प्रेम है।

Shri Vandaaru-jana-vatsalaa - You have great love for your devotees.

191. **श्रीसदाचार-प्रवर्तिका -** आप उच्च नैतिक वर्तन का प्रवर्तन करती हैं, जो सामूहिक आत्मसाक्षात्कार और आपके भाषणों द्वारा होता है।

Shri Sadaachaar-pravartikaa - You promote high moral conduct through en masse self-realisation and your talks.

192. **श्रीपशु-पाश-विमोचिनी -** आप पशुओं को बन्धनों से मुक्त करती हैं।

वह सर्पिणी के रूप में आयी। आदम और ईव को उसने ज्ञान का फल खाने के लिये स्वीकार करने पर उन्हे विश्वास दिलाया। जब उन्होंने वह फल खाया तब उन्होंने पहली बात यह की, कि उन्होंने पेड़ों के पत्तियों से अपने आपको ढ़क लिया। क्योंकि उन्हें चारित्र्यशुद्धता का बोध हो गया था। श्रीगणेशजी की प्रतिष्ठापना जो हो चुकी थी। उसने उन दोनों को तथा उनकी अगली पीढ़ियों को अपने निर्णय स्वयं लेने की स्वतंत्रता भी दी। उसने यह सब कुछ इसलिये किया, क्योंकि वह नहीं चाहती थी कि मनुष्य पशुओं के समान जिये। (श्रीमाताजी के आदिशक्ति पूजा-भाषणों पर आधारित)

Shri Pashu-paasha-vimochini - You release animals from bonds.

She came in the form of serpent and convinced Adam and Eve to eat the fruit of knowledge. When they ate the fruit, the first thing they did was to cover themselves

with leaves, as they became aware of chastity, because Shri Ganesha was established. She also granted freedom to them and their posterity to take their own decisions. She did all this because She did not want them to live like animals. (Based on Adi Shakti Puja talks.)

193. **श्रीशिवाराध्या -** श्रीशिव द्वारा आप का पूजन किया जाता है।

Shri Shiva-aradhya - You are worshipped by Shri Shiva.

194. **श्रीपंचकोषान्तर-स्थिता -** आप पाँच कोषों के अन्दर रहती हैं- शारीरिक (अन्नमय कोष), बौद्धिक (प्राणमय कोष), मानसिक (मनोमय कोष), ज्ञान (ज्ञानमय कोष) और परमानन्द (आनंदमय कोष) अर्थात् आप ही आत्मा है।

Shri Panch-kosha-antara-sthitaa -You reside inside the five beings or sheaths viz the physical (Annamay Kosha), the mental (Praanamay Kosha), the psychic (Manomay Kosha), the knowledge (Jnyanamay Kosha) and the Bliss (Anandamay Kosha) i.e. you are Spirit.

195. **श्रीनित्य-यौवना -** आप चिरतरूण हैं। आप कभी भी वृद्ध नहीं होती क्योंकि आप काल के परे हैं।

Shri Nitya-yauvanaa - You are ever young. Since, you are beyond time you never get old.

196. **श्रीवयोऽवस्थाविवर्जिता-** आप आयु तथा अवस्था विरहित हैं क्योंकि आप नित्य हैं।

Shri Vayo-avasthaa-vivarjitaa - You are without age or physical condition, being eternal.

197. **श्रीस्वाहा -** हवन में देवता को जो आहुति अर्पण की जाती है उसका स्वीकार करने वाली शक्ति आप हैं।

Shri Swaahaa- You are the power that accepts

oblations offered in a Havana to the deity.

198. **श्रीस्वधा** - आप वह शक्ति है, जो देव, गण तथा स्वर्ग में रहने वाली आत्माओं को हवन में जो अर्पण किया जाता है, उसको पहुँचाती है।

Shri Swadhaa - You are the power who takes the offerings in a Havana to Gods Ganas and souls who live in heaven.

199. **श्रीवषट्कारा** - हवन देवता को संतुष्ट करने के लिये उच्चारित मन्त्रों की शक्ति आप हैं।

Shri Vashat-kaaraa - You are the power of the mantras recited to please the deity of the Havana.

200. **श्रीअनुत्तमा** - आप (सब में) उच्चतम हैं क्योंकि आप से अधिक अच्छा कोई भी नहीं है।

Shri Anuttamaa - You are the highest as none is better than you.

201. **श्रीमहाप्रलयसाक्षिणी** - सृष्टि के जिस अंतिम विलय में जब श्री शिव, श्रीब्रह्मदेव और श्रीविष्णु भी नष्ट हो जाते हैं ऐसे महाप्रलय की साक्षिणी आप हैं।

Shri Mahaa-pralaya-saakshini - You witness final dissolution of the creation when even Shri Shiva, Shri Brahmadeva and Shri Vishnu also perish.

202. **श्रीउन्मेष-निमिषोत्पन्न-विपन्न-भुवनावली** - केवल अपनी आँखों के उन्मेष (खुलना) और निमेष (बंद होना) इन हलचल से आप भुवनों की पंक्तियों का निर्माण करती हैं (उन्मेष) और उन्हें नष्ट भी कर देती हैं (निमिष)।

मानव जाति के एक कोटि के आसपास वर्ष आदिशक्ति के आँखों के एक झपकने के समान होते हैं।

Shri Unmesha-nimishot-panna-vipanna bhuvanaavali - You create and destroy series of universes with just a flicker of your eyes.

About a million years of the world of human beings is equivalent to Adi Shakti's one flicker of eyes.

203. **श्रीपराशक्तिः -** आप परम शक्ति हैं अर्थात् परमेश्वर की शक्ति हैं, जिनसे कोई भी शक्ति श्रेष्ठ, उत्कृष्ट नहीं है।

''एक बाजू में महाकाली हैं, दूसरी बाजू में महासरस्वती हैं और मध्य में महालक्ष्मी हैं और उनसे परे आदिशक्ति हैं। उसके परे भी एक शक्ति है जो कि पराशक्ति है। वह शक्ति की जनयित्री है और इसलिये उसने परे होना ही है। (नवरात्रि पूजा)

Shri Paraashakti - You are the Supreme power, the power of Parameshwara to whom no power can be superior.

"On the one side it is Mahakali, on the other it is Mahasaraswati and in the centre it is Mahalaxmi and beyond them is Adi Shakti. Also there is power beyond, which is Parashakti, She is the generator of power and has to be beyond' (Navaratri Puja)

204. **श्रीप्रज्ञान-घन-रूपिणी -** आप प्रज्ञान ज्ञान का एकेंद्रीभूत, घनीभूत रूप हैं। यह ज्ञान अन्तरस्थ है।

''ज्ञान, सर्वशक्तिमान परमात्मा का ज्ञान, कभी भी मानसिक नहीं होता। वह आप के हृदय से शुरू होता है और आप के मस्तिष्क तक जाता है। आप के आनन्द के अनुभव से जो बाहर आता है और आपके मस्तिष्क को आच्छादित कर देती है, ऐसी कोई चीज़ है। इससे आप का मस्तिष्क उसे और अधिक नकार नहीं सकता।'' (शिवपूजा १९.२.९१)

Shri Prajnyaana-ghana-roopini - You are concentrated form of Divine knowledge, the knowledge which is innate.

"The pure knowledge, the knowledge of God Almighty is not mental. It starts from your heart and goes to your

brain. Some thing that comes out of your experience of joy and covers your brain,so that your brain cannot deny any more." (Shiva Puja-19.2.91)

205. **श्रीमातृकावर्ण-रूपिणी** - आप वह हैं जिसका रूप संस्कृत अक्षरों का वर्ण या गुण हैं। इन अक्षरों का उद्‌गम ओम् से हुआ है और देवनागरी लिपि के ये वर्णाक्षर हैं। वे सोलह स्वर और चौतीस व्यंजनों से बने हुये हैं। जब कुण्डलिनी चक्रों में प्रवेश करती है, तो ये नाद/ध्वनि उत्पन्न होते हैं।

देवी अथर्वशीर्ष के अनुसार देवी मन्त्रो की मातृका शक्ति (प्रकृति) है।

Shri Maatrukaa-varna-rupini - You are the one whose form is the coefficient of Sanskrit syllables that have originated from Om and are letters of Devanagri script. They comprise sixteen vowels and thirty four consonants. These syllables are sounds produced when the Kundalini enters the Chakras.

According to Devi Atharvasheersha, Devi is the Matrukaa power of Mantras(Coefficient).

206. **श्रीमहा-कैलास-निलया** - आप श्रीसदाशिव के साथ महाकैलास में निवास करती हैं।

'सहस्रार से भी ऊपर (महाकैलास)' ऐसा भी इसका अर्थ है।

Shri Mahakailaas-nilayaa - You reside in the great Kailasa with Shri Sadashiva.

It also means above the Sahasrara.

207. **श्रीहृदयस्था** - आप प्रत्येक हृदय में आत्मा के रूप में रहती हैं।

Shri Hrudayasthaa - You reside in every heart as Spirit.

208. **श्रीआत्मविद्या** - आप नाड़ियों का, चक्रों का और चैतन्य का ज्ञान हैं।

Shri Atmavidyaa - You are the knowledge of the Nadis, Chakras and as well as the knowledge of spirit.

209. **श्रीमहाविद्या** - आप शुद्धतम तथा महत्तम (सब से शुद्ध और सब से महान) ज्ञान अर्थात् परमेश्वर का ज्ञान है।

Shri Mahaavidyaa - You are the purest and greatest knowledge, i.e. knowledge of God.

210. **श्रीश्रीविद्या** - आप देवी के संबंध में सब से शुद्ध तथा सब से पवित्र ज्ञान हैं।

Shri Shrividyaa - You are the purest and most sacred knowledge about Devi.

211. **श्रीशिरःस्थिता** - आप आदि अस्तित्व अर्थात् विराट के मस्तक में सर्वशक्तिमान परमेश्वर की शक्ति के रूप में है और इस प्रकार सब अवतरणों की संचालक हैं। (द क्रिएशन)

Shri Shirah-sthitaa - You reside in the head of the Primordial Being as the power of God almighty and thus the anchor of all incarnations (Based on "The Creation")

212. **श्री चन्द्रनिभा** - आप चन्द्रमा के समान शान्त तथा प्रसन्न हैं।

Shri Chandra-nibhaa - You are soothing like Moon.

213. **श्रीआह्लददायिनी** - आप आनन्ददायिनी हैं।

''राधा जो कि आह्लाददायिनी है, वह आनंद देने वाली है। उसे केवल देखने से ही लोग आनंदित होते हैं। वह फूलों में होती है, छोटे बच्चों में होती है और आप में भी प्रकट हो सकती हैं। गहनता आने तक यह शक्ति शाब्दिक रहेगी।'' (दिल्ली, होली उत्सव, २८.२.९१)

Shri Alhaad-daayini - You are the giver of joy.

"Radha who is Allhad Daayini, is the giver of joy. Just by seeing her people feel joyous. She is in flowers, in children and can manifest in you too. Till the depth comes this shakti will remain verbal." (Holi celebrations in Delhi 28.2.91)

214. **श्रीगुणनिधिः** - आप गुणों का भंडार हैं।

Shri Guna-nidhi - You are the treasure of virtues.

215. **श्रीअमेया** - आप नापी नहीं जा सकतीं।

Shri Ameyaa - You are immeasurable.

216. **श्रीअज्ञेया** - आप का ज्ञान नहीं हो सकता क्योंकि श्री ब्रह्मदेव जैसी देवता को भी आप का स्वरूप अज्ञात है।

Shri Ajnyeyaa - You cannot be known as your form (swaroop) is unknown, even to deities like Shri Brahmadeva.

217. **श्रीअलक्ष्या** - आप का कोई गन्तव्यस्थान नहीं है क्योंकि आप के परे कुछ भी नहीं

Shri Alakshya- You have no destination since there is nothing beyond you.

218. **श्रीदिव्यविग्रहा** - आप का रूप दिव्य गुणों से युक्त हैं और उससे स्पन्दनों का निःसारण होता है।

Shri Divya-vigrahaa - Your form has Divine coefficient, which emits vibrations.

219. **श्रीवेद्यवर्जिता** - आप केवल तथा परिपूर्ण हैं इसलिये जो ज्ञेय अर्थात् ज्ञान का विषय है आप उससे ऊपर और श्रेष्ठ हैं।

Shri Vedya-varjitaa - You transcend all that is to be known, as you are absolute.

220. **श्रीअष्टमूर्तिः** - आप की आठ मूर्तियाँ अथात् रूप हैं। वे हैं सूर्य, चन्द्र, पंचतत्व (पंच महाभूत) और आत्मा। आप एक वैश्विक आत्मा हैं, जो अलग-अलग गुणों का आविष्कार करती हैं।

Shri Ashta-murti - You have eight forms that are, the

sun, the moon, five elements and spirit. You are one universal spirit manifesting different qualities.

221. **श्रीनिर्द्वैता** - आप द्वैतरहित हैं।

Shri Nirdvaitaa - You are devoid of dualities.

222. **श्रीद्वैतवर्जिता** - आप द्वैत में विद्यमान नहीं हैं क्योंकि द्वैत अहंकार या उपाधियों के निर्माण हैं।

जीवन के द्वैत से पार ऊपर उठ कर और निर्विचार अवस्था में हो कर उसके पश्चात् ही साधक आपके चरण-कमलों को प्राप्त कर सकता है।

Shri Dvaita-varjitaa- You do not exist in dualities because they are products of ego or conditionings.
A seeker can attain your lotus feet only after rising above dualities of life in the thoughtless state.

223. **श्रीअन्नदा** - आप अन्न देने वाली हैं। धरती माता आप का ही आविष्कार है। आप की अमृतमय चैतन्य लहरों के अन्न से भी आप हमें परिपुष्ट करती हैं।

Shri Annadaa - You are the giver of food. The mother earth is your manifestation. You also nourish us with the food of your ambrosial vibrations.

224. **श्रीवसुदा-** आप संपदा देने वाली हैं।

Shri Vasudaa- You are the bestower of wealth.

225. **श्रीभाषारूपा** - आप भाषाओं का रूप हैं।

जैसा कि इस के पूर्व ही उल्लेख किया गया है मातृका जिनसे शब्द बनते है वे देवी की प्रकृति, सहभाविनी हैं। ध्वनि या नाद के रूप में रहने वाले स्वर और व्यंजन (थोडे से भिन्न होते हुए भी) सब भाषाओं में समान या सामान्य हैं। भले ही वर्ण अलग हैं।

''कुण्डलिनी जब चलन करती हैं तब वह नाद करती है, तो कुण्डलिनी के चलन-वलन से ही 'संस्कृत' शब्द निकला है। महान सन्तों ने इस सब का रिकॉर्ड किया। और इसी प्रकार से प्रत्येक चक्र के स्वर और व्यंजन होते हैं और वे पंखुडियों की संख्या के अनुसार होते हैं। और इन सब से संस्कृत भाषा के वर्णाक्षर बने हैं। यह भाषा पवित्र बनायी गयी। पहले तो वह केवल एक भाषा थी जिससे दो भाषाओं का जन्म हुआ। एक लेटिन और जिसे पवित्र बनाया गया, वह संस्कृत भाषा। (नवरात्रि पूजा, १७.१०.८८, प्रतिष्ठान)

Shri Bhaashaa roopaa - You are of the form of languages.

As mentioned earlier, the Matrukaas that constitute words are Devi's coefficient. The vowels and consonants as sounds are common-with some variations- in all languages although letters are different.

"The word Sanskrit has come out of Kundalini's movements when she makes a sound. All was recorded by great saints and like that every Chakra has got vowels and consonants according to the number of sub-plexuses i.e.petals they have and all of them make all the alphabets of the Sanskrit language. This language was made holy. First it was one language out of which two languages were born, was Latin and the one which was made holy was Sanskrit." (Navaratri Puja 17 Oct 1988, at Pratishthan)

226. **श्रीशोभनासुलभा-गतिः -** आप मोक्ष के प्रति सब से सुलभ पथ हैं।

श्रीमाताजी के कृपा से सहजयोग में जागृत की गयी कुण्डलिनी सौम्यता और स्वेच्छा से स्वाभाविक रूप से ही साधक की सुषुम्ना के अन्दर से, किसी प्रकार का दु:ख न देते हुए ऊपर चढ़ती है।

Shri Shobhanaa-sulabhaa gatih - You are the easiest path to salvation.

The Kundalini, awakened in Sahaja Yoga, by Shri Mataji's grace gently and spontaneously ascends through the seekers' Sushumna Nadi without causing any discomfort.

227. **श्रीशिवज्ञानप्रदायिनी** - आत्मसाक्षात्कार के द्वारा आप शिव (आत्मा) का ज्ञान प्रदान करती हैं।

Shri Shiva-jnyaana-pradaayini - You bestow the knowledge of Shri Shiva (Spirit) through self realisation.

228. **श्रीसर्वार्थदात्री** - आप भाग्य की परिपूर्ति प्रदान करती हैं।

Shri Sarva-artha-daatri - You bestow the fulfilment of one's destiny.

229. **श्रीक्षराक्षरात्मिका** - आप क्षर अर्थात् चेतन और जड़ जगत् में हैं। इसी तरह आप अक्षर अर्थात् जो शाश्वत है और क्षर के अंतरतम में गहनता में है, वह भी हैं।

भगवद् गीता में कहा गया है, 'जगत् में पुरुष के दो रूप हैं, आदि पुरुष अर्थात् क्षर तथा अक्षर। क्षर अर्थात् सब जन्मे हुए प्राणी, भूतजात और अक्षर उनके अर्थ गूढता में रहता है।''

Shri Kshara-aksharaat-mikaa - You are in the Kshara i.e. animate and inanimat world as well as in the Akshara which is eternal and resides deep within the Kshara.

Bhagvat Geeta says "In the world there are two aspects of the Purusha, the primordial being viz Kshara and Akshara. Kshara is all living beings and Akshara exists deep within".

230. **श्रीयुगंधरा** - आप युगचक्र का निर्माण करती हैं और उसको धारण कर के आधार देती हैं। उत्क्रान्ति-प्रक्रिया की रक्षा के लिये तथा उसकी प्रगति के लिये प्रत्येक युग में आप ने अवतार लिया।

Shri Yugandharaa- You create and sustain the cycle of Yugas i.e.ages or aeons. You incarnated in each of the Yugas to protect and progress the evolutionary process.

231. **श्रीदेशकालातीता** - आप अवकाश अर्थात् देश और काल से परे हैं।

'धारणा' की परिभाषा करते हुए पतंजलि ने चक्रों के सन्दर्भ में 'देश' शब्द का प्रयोग किया है। 'देशबन्धश्चितस्य धारणा'। देश - अर्थात् चक्र पर अवधान स्थिर रखना यह धारणा है। श्रीआदिशक्ति सब चक्र (देश) और नाड़ियों से ऊपर हैं। नाड़ियाँ काल-वर्तनाम, भूत, भविष्य अर्थात् काल देती हैं। इसलिये देश काल अर्थात् चक्र और नाड़ियाँ। फिर यह भी है, कि देश और काल के अस्तित्व में आने के पूर्व ही आदिशक्ति परमेश्वरी के रूप में विद्यमान थी।

Shri Desha-kaalaa-teetaa - You are beyond space and time. Patanjali refers to Desha in the context of Chakras when he defines Dhaaranaa "Deshabandhash-chittasya Dhaaranaa, meaning keeping attention steady on Desha i.e.Chakra is Dhaaranaa. Shri Adi Shakti transcends all the Chakras (Desh) and Nadis that give time, the present, past and future i.e. space and time. Also Adi Shakti as Parameshwari was present with God Almighty even before space and time came in existence.

232. **श्रीत्र्यम्बिका -** आप की तीन आँखें हैं - सूर्य, चन्द्र और अग्नि।

और आप श्रीविष्णु, श्रीब्रह्मदेव तथा श्री शिव का निर्माण करती हैं।

आप श्री शिव की शक्ति है और शिव को त्र्यम्बक रूप में जाना जाता है।

Shri Tryambikaa- You have three eyes the sun, the moon and the fire.

Also, you are the creator of Shri Vishnu, Shri Brahmadeva and Shri Shiva. Also, you are the power of of Shri Shiva who is known as Tryambaka.

233. **श्रीत्रिगुणात्मिका -** आप सत्व, रज और तम होती हैं। ये तीन गुण सृष्टि का आविष्कार या प्रकटीकरण करते हैं। आप में इन तीन गुणों का सन्तुलन है, जो श्रीमहाकाली, श्रीमहासरस्वती और श्रीमहालक्ष्मी हैं।

Shri Triguna-atmikaa - You become the three Gunas, the Sattwa, the Raja and theTama manifesting the creation. The three Gunas are balanced in your being

as Shri Mahakali, Shri Mahalakshmi and Shri Mahasaraswati.

234. **श्रीओजोवती** - आप में महान ओज है।

Shri Ojovati - You have great vigor.

235. **श्रीसर्वशस्त्रधृतांवरा** - जो शस्त्र धारण करते हैं, उनमें आप सर्वश्रेष्ठ हैं।

Shri Sarva-shastra-drhutaam-varaa- You are most superior among all those who wield weapons.

236. **श्रीपरंज्योतिः**- आप शाश्वत और सर्वोत्तम ज्योति हैं, जो चमकने वाली तेजस्वी वस्तुओं को (ग्रह, नक्षत्र, चंद्र, सूर्य, अग्नि आदि) प्रकाश देती हैं।

Shri Param-jyotih - You are eternal and supreme flame, which gives light to luminous bodies.

237. **श्रीपरमधाम** - आप वह सर्वोच्च शाश्वत निवास हैं, जहाँ जाने की सब ऋषि, संत और साधक आकांक्षा करते हैं।

'उस अवस्था को पहुँचने के बाद कोई भी लौटता नही वह मेरा सर्वोच्च सर्वश्रेष्ठ धाम है।' भगवद् गीता

Shri Param-dhaam - You are the supreme eternal abode where all sages, saints and seekers, aspire to go.

"After reaching that state one does not return, that is my supreme abode." Bhagwat Geeta

238. **श्रीपरमाणुः** - सर्वव्यापी ईश्वरीय प्रेम शक्ति के रूप में आप सूक्ष्मतम से भी सूक्ष्मतर हैं, परमाणु से भी अधिक सूक्ष्म।

Shri Parama-anuh - You are subtler than the subtlest subtler than even sub atomic particles- as all pervading Divine power of love.

239. **श्रीमूर्ता** - स्वयंभू मूर्तियां, छायाचित्र और उसी प्रकार संपूर्ण सृष्टि के द्वारा आप आविष्कृत होती हैं।

Shri Moortaa - You have manifested in forms through Swayambhoo idols, photographs, as well as the entire creation.

240. **श्रीअमूर्ता** - आप निराकार, अरूप हैं और ईश्वर के सर्वव्यापी प्रेम की शक्ति हैं।

Shri Amurtaa- You are without forms, and all pervading power of God 's love.

241. **श्रीअनित्यतृप्ता** - आप आत्मसंतुष्ट हैं और भक्ति से समर्पित अनित्य वस्तुओं से प्रसन्न होती हैं। 'पत्रं, पुष्पं, फलं, तोयं...' (पत्ता, फूल, फल, पानी, कुछ भी जो मुझे भक्ति से देता है, उसको मैं ग्रहण करता हूँ - भगवद् गीता)

Shri Anitya-truptaa - You are self-satisfied and pleased with the offerings of the perishable, e.g. "Patram, pushpam phalam toyam" with devotion.

242. **श्रीसत्यरूपा** - आप परिपूर्ण, केवल सत्य का रूप हैं।

Shri Satya-roopaa - You are of the form of absolute truth.

243. **श्रीसर्वान्तर्यामिणी**- आप सब के अन्तरतम में वास करती हैं।

Shri Sarva-antar-yaamini- You reside in the inner beings of all.

244. **श्रीबुधार्चिता** - प्रबुद्ध जीवों द्वारा आप का पूजन किया जाता है।

Shri Budhaarchitaa - You are worshipped by enlightened souls.

245. **श्रीछन्दःसारा** - आप काव्य (वेदों) का सार हैं।

Shri Chhandah-saaraa - You are the essence of

poetry.

246. **श्रीशास्त्रसारा-** आप पवित्र धर्मग्रंथों का सार हैं। जो शास्त्र अंतिम की खोज करते हैं, उनका सार भी आप ही हैं।

Shri Shaastra-saaraa - You are the essence of scriptures. Also, you are the essence of sciences that search for the ultimate.

247. **श्रीमन्त्र सारा -** आप पवित्र मंत्रों का सार हैं।

Shri Mantra-saaraa - You are the essence of (holy) mantras.

248. **श्रीकान्तार्धविग्रहा -** आप के पति अर्थात् परमेश्वर की आप अर्धांगिनी हैं।

Shri Kaantaardha-vigrahaa - You are the half body of your husband i.e. Parameshwara.

249. **श्रीपंचभूतेशी -** आप पंचमहाभूतों पर शासन करती हैं।

Shri Pancha-bhuteshi- You are the ruler of five elements.

250. **श्रीशाश्वती -** आप नित्य (अस्तित्व में) हैं।

Shri Shaashwati - You are ever existent.

251. **श्रीशाश्वतैश्वर्या -** आप का ऐश्वर्य नित्य हैं।

Shri Shaashwat-aishwaryaa - Your glory is ever existent.

252. **श्रीलीलाविनोदिनी -** जिस प्रकार नाटक बनाने का और देखने का आनन्द लिया जाता है उसी प्रकार से आप सृजन की लीला का आनन्द उठाती हैं क्योंकि वह आप के चित्त की लीला अर्थात् चिद्विलास है। आप मानव के रूप में अवतार लेती हैं और इस संसार के जीवन को साक्षीरूप से देखती हैं जैसे कि आप एक नाटक

देख रही हैं।

Shri Leelaa-vinodini - You enjoy the play of the Creation like making and watching a drama since it is the play of your attention, Chidvilas. You incarnate in the human form and witness worldly life as if you watch a drama.

253. **श्रीसर्व-अवताराणां शक्तिः -** जिन्होंने नकारात्मक शक्तियों का विनाश किया ऐसे अवतरणों की आप शक्ति हैं।

'तो इस बात का आकलन होना चाहिये कि पुरुष हलचल या गति से उत्पन्न होने वाली वस्तु है। मेरे कहने का अर्थ है कि पुरुष अवतरण गत्युत्पादित पक्ष हैं। संचित ऊर्जा तो स्त्री ऊर्जा ही है। इसलिये कृष्ण ने भी कंस का वध करना था, तो उनकी सहायता के लिये उन्होंने राधा से पूछा। तो शक्ति ऐसी होती है। शक्ति के बिना उन का कोई अस्तित्व ही नहीं। यह ऐसा ही है, जैसा कि प्रकाश के बिना दीप का कोई अस्तित्व ही नहीं। तो ये पुरुष रूप में हैं पर उनके पीछे शक्तियाँ ही हैं, जिन्होंने ये सारे कृत्य किये हैं।' (नवरात्रि पूजा भाषण, प्रतिष्ठान, १८.१०.१९८८)

Shri Sarva avataaraa-naam Shakti - You are the Shakti of incarnations who destroyed negative forces.

"So one has to realise that the man is the kinetic thing. I mean the male Avataras are the kinetic side. The potential energy is the female energy. So, even when Krishna had to kill Kansa, he had to ask Radha to help him. So is the Shakti. Without Shakti they have no existence. It is like, without light the lamp has no existence. So these are male forms but behind them are the Shaktis which have performed all these acts." (Navaratri Puja talk at Pratishthan on 18 Oct 1988)

254. **श्रीविश्वार्तिहारिणी -** आप विश्व की पीड़ाओं का निवारण करती हैं।

Shri Vishvaarti-haarini - You remove sufferings of the Universe.

255. **श्रीविश्वेश्वरी -** आप विश्व की ईश्वरी हैं।

Shri Vishweshwari - You are the Goddess of the Universe.

256. **श्रीजगदाधारा -** आप जगत् का आधार हैं।

Shri Jagata-adhaaraa - You are the support of the world.

257. **श्रीजगन्माता -** आप जगत् की माता हैं।

Shri Jagan-maataa - You are the mother of the world.

258. **श्रीअनन्तवीर्या -** आप अनन्त बल से युक्त हैं।

Shri Ananta-veeryaa - You are the one with unending strength.

259. **श्रीविश्वस्यबीजा -** आप विश्व का बीज अर्थात् उद्गम स्थान हैं।

Shri Vishwasya-beejaa - You are the seed i.e. the source, of the Universe.

260. **श्रीदाक्षायणी -** राजा दक्ष की पुत्री के रूप में सती नाम से आप आयी और श्रीशिव से आप का विवाह हुआ।

Shri Daakshaayani - You came as the daughter of King Daksha known as Sati and married to Shri Shiva.

261. **श्रीदक्षयज्ञविनाशिनी -** राजा दक्ष द्वारा किये जा रहे हवन के विध्वंस का कारण सती रूप में आप ही थी।

दक्ष को अपनी उपाधि 'प्रजापति' पर बहुत गर्व था। जब निमंत्रण न होते हुए भी सती यज्ञ स्थान पर आयी तब दक्ष ने शिव की भर्त्सना की। शिव का अपमान सहने में असमर्थ होते हुए सती हवनकुंड की अग्नि में कूद पड़ी। अपनी पत्नी की मृत्यु के कारण क्रोधावेश में श्रीशिव ने दक्ष

के हवन का नाश किया। यह दर्शाता है कि आत्मा से विमुख होने पर अहंकारी व्यक्ति अपने विनाश को निमंत्रित कर सकता है।

Shri Daksha-yajnya-vinaashini - You, as Sati, caused destruction of the Havan being performed by King Daksha.

Daksha was proud of his title Prajapati. He denounced Shri Shiva when Shri Sati visited the site of the Havan, uninvited. Unable to bear Shri Shiva's insult Sati jumped into the fire. Shri Shiva wrathful by his wife's death, destroyed Daksh's Havana. It shows that an egoist turning away from spirit can invite his destruction

262. **श्रीपार्वती -** तत्पश्चात् आप हिमवान् अर्थात् हिमालय पर्वत की पुत्री के रूप में आयी।

Shri Parvati - Next you came as the daughter of Parvata, the mountain as the daughter of King Himvan, i.e. the Himalaya.

263. **श्रीअपर्णा -** श्रीशिव की प्राप्ति के लिये तपस्या करते समय आप ने बिल्व अर्थात् बेल की पत्तियां खा कर ही जीवित धारण किया।

Shri Aparna- You survived only by eating the Bilva leaves while in the penance to achieve Shri Shiva.

264. **श्रीगौरी -** आप ने श्री शिव की पूजा की और आप गौर वर्ण की हैं।

आज वह दिन है जिस दिन कन्या गौरी श्रीशिव की पूजा करने बैठी थी। उन्होंने एक शिवलिंग बनाया और अपना सिंदूर उस पर डालते हुये बैठी थी कि, 'आप इस का ध्यान रखे क्योंकि आपसे मेरे मिलन का यह चिह्न है। उस का ध्यान रखने के लिये मैंने आपके पास यह छोड़ दिया है।' (लंदन में 'कुमारी' इस विषय पर)

Shri Gauri - You worshipped Shri Shiva. Also, you are the one of white complexion.

"Today is the day when the virgin Gauri sat down to

worship Shri Shiva. She made a Shivalinga and was sitting and putting her sindur (Kumkum) on that. " That you look after this, `which is the mark of my union to you. I leave it to you to look after." (Seminar in London on virgin).

265. **श्रीकामारिवल्लभा** - प्रेम की देवता मदन का नाश करने वाले (श्रीशिवजी) की आप प्रियतमा हैं।

Shri Kaamaari-vallabhaa - You are the beloved of the destroyer of Madana the God of love.

266. **श्रीशम्भुमोहिनी** - आप श्रीशिव को मोहित कर रही थी।

Shri Shambhu mohini - You were bewitching to ShriShiva.

267. **श्रीहेमाभा** - आप का वर्ण सुवर्ण या हिम के समान है।

Shri Hemaabhaa - You have the complexion which is like gold or snow.

268. **श्रीकुमारी-पूजन-रता** - कुमारी के रूप में आप श्री शिव की पूजा करने में मग्न थीं।

Shri Kumari pujana-rata - As virgin you were engrossed in worshipping Shri Shiva.

269. **श्रीकुमारीव्रतचारिणी** - आपने कुमारी का व्रत करने के लिये आप ने माता-पिता के गृह का त्याग किया।

Shri Kumari vrata-chaarini - You left your parents's house to practise the austerities of virgin to please Shri Shiva.

270. **श्रीकुमारीभक्तिसुखिनी** - आप कुमारियों की भक्ति से आनंदित होती हैं।

Shri Kumari bhakti-sukhini - You are happy with devotion of virgins.

271. **श्रीकुमारीपूजकप्रीता** - जो कुमारियों का पूजन करते हैं उनसे आप प्रेम करती हैं।

Shri Kumari pujak-preeta - You love those who worship the virgin.

272. **श्रीधूर्जटा** - आप अपनी जटाओं को हिलाती हैं। देवी की जटायें उनकी श्रीशिवजी से एकात्मकता दिखाती हैं। श्री शिव धूर्जटि नाम से जाने जाते हैं।

Shri Dhurjataa - You shake your matted hair. The matted hair of Devi shows her oneness with Shri Shiva who is known as Dhurjatah.

273. **श्रीशिवसमर्पिता** - आप श्रीशिव के प्रति समर्पित हैं।

Shri Shiva samarpitaa - You are dedicated to Shri Shiva.

274. **श्रीशिवरूपा** - आप श्रीशिव का आविष्कृत रूप हैं।

Shri Shivaroopa- You are the manifest form of Shri Shiva.

275. **श्रीकामेश्वर-मुखालोक -कल्पित श्री-गणेश्वरा** - श्रीशिव के मुख का केवल अवलोकन कर के आप ने श्रीगणेश का निर्माण किया।

Shri Kaameshwar-mukhaaloka-kalpit-Shri Ganeshwara - You created Shri Ganesha, merely by looking at the face of Shri Shriva.

276. **श्रीमहात्रिपुरसुंदरी** - आप सब त्रिमूर्तियों की महाराज्ञी हैं जैसे कि श्रीब्रह्मदेव, श्रीविष्णु, श्रीमहेश और इसी प्रकार से अन्य त्रिमूर्तियां जैसे ध्यान-ध्यातृ-ध्येय जैसे कि ध्यान, ध्यान करने वाला और ध्यान का विषय; या शारीरिक, मानसिक तथा आध्यात्मिक अस्तित्व।

Shri Mahaa-tripur-sundari - You are the great empress of all triads, e.g. the Trimurits, Shri Brahmaedeva, Shri Vishnu and Shri Shiva, as well as

others like, Dhyan, Dhyatru and Dhyeya i.e meditation, the meditator and the object of meditation, the physical, mental and psychic beings etc.

277. **श्रीविकचचन्द्रचूडामणिः** - आप श्रीशिव का वैश्विक स्वरूप हैं। आप चमकते हुए चंद्र का आभूषण मस्तक में धारण करती हैं।

Shri Vikacha-chandra-choodaamani - You are Shri Shiva's cosmic form. It also means, 'you weld the luminous moon on your head as an ornament.'

278. **श्रीमुख-समुल्लासिता** - आप का मुख चमकता हुआ और प्रसन्न हैं।

Shri Mukha-samullasitaa- You are the one with joyous and brilliant face.

279. **श्रीलास्यप्रिया** - विश्वों की सृजनकर्ती के रूप में आप को लास्य बहुत प्रिय है। (द क्रिएशन)

Shri Laasya-priyaa - You, as the creatrix of universes, are fond the creation. (Based on 'The Creation')

280. **श्रीअष्टभैरवी** - आप आठ भैरवों की शक्ति हैं।

Shri Ashta-Bhairavi - You are the power of the eight Bhairavas.

281. **श्रीचित्तस्वरूपा** - चित्त अर्थात् श्रीमहासरस्वती शक्ति, आपका एक स्वरूप है।

Shri Chitta-swaroopaa - You are of the form of Chitta, Shri Mahasaraswati Shakti.

282. **श्रीसत्त्वस्वरूपा** - सत्व गुण अथवा श्रीमहालक्ष्मी तत्व का सार आपका एक रूप हैं।

Shri Sattwa-swaroopaa - You are of the form of Sattwa Guna or the essence of Shri Mahalakshmi Shakti.

283. **श्रीआनन्दस्वरूपा** - आनंद अर्थात् श्रीमहाकाली शक्ति आपका एक रूप हैं।

Shri Ananda-swaroopaa - You are of the form of joy, Shri Mahakali Shakti.

284. **श्रीपरावाणी** - आप वाग्देवी अर्थात् वाणी की देवता का सूक्ष्मतम और अन्तिम रूप हैं। उसका स्थान नाभि में हैं।

Shri Paraa vaani - You are the subtlest, and ultimate form of Vaagdevi, the Goddess of speech. Its place is in the Naabhi.

285. **श्रीपश्यन्ती-वाणी** - आप वाणी की देवता का अन्तरालस्थ अर्थात् मध्यवर्ती रूप हैं। यह वाणी परावाणी से जड़, स्थूल है और हृदय में इसका स्थान है।

Shri Pashyanti vaani - You are the intermediate form of Goddess of speech, grosser than the Paraa vaani, located in the heart.

286. **श्रीमध्यमा-वाणी** - आप वाणी की देवता का द्वितीय मध्यवर्ती रूप हैं, जो पश्यन्ती वाणी से स्थूल है और कण्ठ में इसका स्थान है।

Shri Madhyamaa vaani - You are the second intermediate form of the Goddess of speech grosser than the Pashyanti vaani located in the throat.

287. **श्रीवैखरी-वाणी** - शब्दों के उच्चारण के माध्यम से जो प्रकट होता है ऐसा वाणी का बोला गया रूप आप हैं।

''परावाणी का प्रारंभ यहाँ से होता है। (अपनी नाभि पर हाथ रख कर श्रीमाताजी ने स्पष्ट किया)। जो शांत है ऐसी ध्वनि परावाणी है। बाद में वह हृदय में आती है जब वह अनाहत बन जाती है। उसे पश्यन्ती कहते हैं क्योंकि वह केवल साक्षी होती है। वाणी, वाणी की वह ऊर्जा, उस ध्वनि की ऊर्जा की पश्यन्ती साक्षी है और वह अनाहत अवस्था में है। फिर वह यहाँ अर्थात् विशुद्धि के स्तर पर

आती है। इसलिये उसे मध्यमा कहते हैं। क्योंकि वह अभी भी मध्य अवस्था में है जो ऊपर कण्ठ तक है। पर जब वह मुख में आती है, तो वह वैखरी होती है। तब वह बोलती है, बोलती है।

परावाणी वह है कि जब ईश्वर को कुछ बोलना होता है, तो ईश्वर परावाणी में ही कहते हैं जो कि आप सुन नहीं सकते। उसी प्रकार से आप के अन्दर आप की परावाणियाँ हैं। निश्चित रूप से यह मानवी है। पर हमने कहना चाहिये कि मानवी परावाणी ईश्वर की परावाणी का प्रतिबिंब है जिसे आप सुन नहीं सकते। आप अपने पेट में उस वाणी को सुन नहीं सकते। पर जैसे कि आप के पेट में कुछ पीड़ा होती है, विशेष रूप से कर्करोग (कैन्सर) या ऐसीही कोई व्याधियाँ, तब आप के लिये समस्या हो जाती है और फिर आप के अन्दर उसका स्पन्दन या स्फुरण शुरू हो जाता है।

जब तक आपको आपकी परावाणी की संवेदना, अनुभूति, बोध नहीं होता, तब तक ईश्वर क्या कहते हैं, आप सुन नहीं सकते। इसलिये ईश्वर को स्वयं धरती पर आना पडता है और अपनी सारी बातें आपको बताने के लिये ईश्वर को अपनी वैखरी का उपयोग करना पड़ता है। तो उससे (वैखरी से) आप नीचे जाना प्रारंभ करते हैं और मध्यमा अवस्था में आते हैं जहाँ आप शांति और मौन का अनुभव लेते हैं। उसके बाद आप पश्यन्ति में आते हैं। वहाँ आप अपने साक्षी अवस्था का आनन्द लेते हैं। अब आप परावाणी में आते हैं। जहाँ आप को ध्वनि प्राप्त होता है। या आप कह सकते हैं कि आपको बोध, केवल सूचना मिलती है। पर उसका कोई ध्वनि नहीं होता। केवल बोध जैसा कि बिना आवाज का विचार। इसलिये आपको प्रेरणा परावाणी से ही आती है। (नवरात्रि पूजा भाषण, प्रतिष्ठान, १८.१०.१९८८)

Shri Vaikhari-vaani - You are the spoken form of speech manifested through pronunciation of words.

"Paraavaani starts from here (Shri Mataji explained keeping Her hand on the Nabhi), is the sound which is silent.

Then it comes to the heart when it becomes Anahat. It is called as Pashyanti because it just witnesses. The Vaani, that energy of Vaani, the energy, the energy of that sound, just witnesses and is Anahat state. Then it comes here (Vishuddhi level). So, it is called Madhyamaa, still in the middle stage, up to the throat, but when it comes to the mouth, it becomes Vaikhari, then it speaks, speaks.

"Paraavani is, say if God has to say something then He says it in the Paraavaani which you cannot hear it. In the same way, you have got your Paraavaanis within you which is, of course, the human, reflection of the same, we should say, the same Paraavaani, which you cannot hear. You cannot hear the Vaani in your stomach, but say, you get some trouble, specially, Cancer or any such diseases, you get a problem then in you it starts throbbing."

"Unless and until you have felt your Paraavaani you cannot hear what God is speaking. So God Himself has to come on the earth and has to use His Vaikhari to explain His things to you. So, by that you start going down and come to Madhyamaa state where you enjoy your silence. Then you come to Pashyanti. There you enjoy your witness state and you come to Paraavaani where you get the sound or you can say you get the information, just information, but it has no sound, just the information like the thought without sound. So the inspiration comes to you from Paraavaani." (Navaratri Puja, Pratishthan-18 Oct 88)

288. **श्रीअनन्तरूपा -** आप के अनन्त रूप हैं।

Shri Ananta-roopaa - You have unending forms.

289. **श्रीअनन्तस्था -** जो अनन्त अर्थात् अन्तहीन हैं ऐसे सर्वशक्तिमान परमात्मा से आप एकरूप हैं।

Shri Anantasthaa - You are one with God Almighty who is Ananta .i.e. without end.

290. **श्रीअनन्तअवतारधारिणी -** आप अनन्त अवतार लेती हैं। सन्त,

ऋषि और अबोध लोगों की रक्षा के लिये वह (देवी) मुख्य और गौण अवतरणों में हजार बार आयीं। (दि क्रिएशन)

Shri Ananta-avataar-Dhaarini - You take unending incarnations. "She came one thousand times in major and small incarnations to protect saints, sages and innocent people." (The Creation).

291. **श्रीकराङ्गुली-नखोत्पन्न-नारायण-दशाकृतिः -** श्रीविष्णु के दस अवतार आप की हाथों की उंगलियों से बाहर निकलते हैं।

Shri Karaanguli-nakhot-panna-Narayana dashaakruti - The ten incarnations of Shri Vishnu emerge from your finger nails.

292. **श्रीअनन्त-नाम्ने-संज्ञाता-** आप के रूप और अवतरणों के अनुरूप आपके अनन्त नाम हैं।

Shri Ananta-naamne-sanjnyaataa - You have unending names, corresponding to your forms and incarnations.

293. **श्रीनारायणी -** आप श्रीनारायण की शक्ति हैं। नर का अर्थ है मानव प्राणी और अयनी निवास (स्थान) है। तो आप मनुष्य प्राणियों का निवासस्थान या अंतिम अग्रभूमि (प्राप्तव्यस्थान) हैं।

Shri Narayani - You are the power of Shri Naaraayana. Nara means human being and ayani is abode. So, you are the abode or final destination of human beings.

294. **श्रीईशानी -** आप सभी बातों पर नियंत्रण रखती हैं और उन्हें नियमित करती हैं।

Shri Ishaani - You control and regulate every thing.

295. **श्रीपृथ्वी-तत्त्व-ईश्वरी -** पृथ्वी माता तत्त्व की आप देवी हैं।

Shri Pruthvi tattwa ishwari - You are the Goddess

of the mother earth element.

296. **श्रीजल-तत्त्व-ईश्वरी -** आप जल तत्त्व की देवी हैं।

Shri Jal tattwa ishwari - You are the Goddess of the water element.

297. **श्रीअग्नि-तत्त्व-ईश्वरी -** आप अग्नि तत्त्व की देवी हैं।

Shri Agni tattwa ishwari- You are the Goddess of the fire element.

298. **श्रीवायु-तत्त्व-ईश्वरी -** आप वायु तत्त्व की देवी हैं।

Shri Vaayu tattwa ishwari - You are the Goddess of the air element.

299. **श्रीआकाश-तत्त्व-ईश्वरी -** आप आकाश तत्त्व की देवी हैं।

Shri Akasha tattwa ishwari - You are the Goddess of the ether element.

300. **श्रीहंसयुक्तविमानस्था -** हंसोंद्वारा उडाये जाने वाले रथ पर आप आरूढ होती हैं।

Shri Hansa-yukta-vimaanastha - You ride in the chariot flown by Swans.

301. **श्रीब्रह्माणि -** आप श्रीब्रह्मदेव की शक्ति हैं।

Shri Brahmaani - You are the power of Shri Brahmadeva.

302. **श्रीकौशाम्भ-क्षरिका-** राक्षसों का नाश करने के लिये आप अपने कमण्डलु से चैतन्य लहरों से भारित पानी छिटकती हैं।

Shri Kaushaambh-ksharikaa - You sprinkle vibrated water from your Kamandalu, to destroy demons.

303. **श्रीत्रिशूलचंद्राहिधरा** - आप त्रिशूल, चन्द्रमा और सर्प को धारण करती है।

Shri Trishul-chandra-ahi-dharaa - You are the one who carries the trident, the moon and the snake.

304. **श्रीमहावृषभवाहिनी** - आप महावृषभ पर बैठी हैं।

Shri Mahaa-vrushabh-vaahini - You are seated on the great bull.

305. **श्रीमाहेश्वरी** - आप श्रीमहेश की शक्ति हैं।

Shri Maaheshwari - You are the power of Shri Mahesha.

306. **श्रीमयूर-कुक्कुट-वृता** - आप मोर और मुर्गे के समेत होती हैं और उनके द्वारा आप की सेवा की जाती है।

Shri Mayur-kukkuta-vrutaa - You are attended by the peacock and the cock.

307. **श्रीअनघा** - आप पापरहित (निष्पाप) हैं।

Shri Anaghaa - You are sinless.

308. **श्रीमहाशक्तिधरा** - आप सर्वोच्च शक्तियाँ धारण करती हैं।

Shri Mahaa-shakti-dharaa - You are the one who wields supreme powers.

309. **श्रीकौमारी** - आप कार्तिकेय की शक्ति हैं।

Shri Kaumaari - You are the one who is Shakti of Shri Kartikeya.

310. **श्रीशंखचक्रगदाशाङ्र्गगृहीता** - आप शंख, चक्र, गदा और धनुष्य धारण करती हैं।

Shri Shankha-chakra-gadaa-shaaranga gruhitaa - You are the one who holds the conch, the discus the club and the bow.

311. **श्रीवैष्णवी -** आप श्रीविष्णु की शक्ति हैं।

Shri Vaishnavai - You are the Shakti of Shri Vishnu.

312. **श्रीउग्र-महाचक्र-गृहीता -** आप भयंकर महाचक्र को पकड़ती हैं।

Shri Ugra-mahaa-chakra-gruhitaa - You are the one who holds huge formidable discus.

313. **श्रीवसुंधरा-दंष्ट्र-उद्धृता -** आपने दंष्ट्रा से पृथ्वी को ऊपर उठाया है। (पृथ्वी का उद्धार किया है)

Shri Vasundharaa-danshtra-udhrtutaa - You are the one who uplifted the earth with the tusk.

314. **श्रीवराह-रूपिणी -** पृथ्वी को जलप्रलय से बाहर निकालने के लिये आप वराह का रूप लेकर आयी।

Shri Varaaha-rupini - You are the one who came in the form of boar to extricate the earth from cataclysmic flood waters.

315. **श्रीनृसिंहरूपा -** हिरण्यकश्यपु दैत्य का वध करने के लिये आपने आधा मानव और आधा सिंह ऐसा रूप धारण किया।

Shri Nrusinha-roopaa- You are the one who took the form of the half man and half lion to kill demon Hiranya-kashyapu.

316. **श्रीत्रैलोक्य-त्राण-सहिता -** तीनों लोगों के हित आप बनाये रखती है।

Shri Trailokya traan sahitaa- You are the one who takes care of benevolence of the three worlds.

317. **श्रीकिरीटिनी** - आप इंद्र के मुकुट से भूषित, सुशोभित हैं।

Shri Kireetini- You are adorned with the crown of Indra.

318. **श्रीमहावज्रा** - आप वज्र (नाम का) शस्त्र धारण करती हैं।

Shri Mahaa-vajraa- You weild Indra's weapon thunder bolt.

319. **श्रीऐन्द्री** - आप इन्द्र की शक्ति है।

Shri Aindri - You are the one who is the power of Indra.

320. **श्रीशिवदूती** - आप श्रीशिव की दूत हैं।

Shri Shiv-dooti - You are the messenger of Shri Shiva.

321. **श्रीघोररूपा** - नकारात्मक बलों को भयभीत करने के लिये आप भयानक रूप धारण करती हैं।

Shri Ghora-roopaa - You take the terrible form to frighten negative forces.

322. **श्रीमहारवा** - शत्रुओं को भयभीत करने के लिये आप भयभीत करने वाली महाध्वनि करती हैं।

Shri Mahaa-ravaa - You makes frighteningly loud sound to strike fear in the enemy.

323. **श्रीहत-दैत्य-महाबला** - महाबलवान दैत्यों के समूह का नाश करने वाली आप सबसे महान बलवती हैं।

Shri Hatadaitya-mahabalaa - You are the strongest one who slew hosts of mighty demons.

324. **श्रीचामुण्डा** - आप ने चण्ड दैत्य का वध किया।

Shri Chaamundaa - You are the killer of demons Chanda.

325. **श्रीमुण्डमथनी** - आप ने मुण्ड दैत्य का वध किया।

Munda-mathani - You are the killer of demon Munda.

326. **श्रीध्रुवा** - आप दृढ़ता से स्थिर हैं जिन्हें विचलित नहीं किया जा सकता।

Shri Dhruvaa - You are unshakable.

327. **श्रीमहारात्री** - आप महारात्री हैं।

Shri Mahaa-raatri - You are the great night.

328. **श्रीमेधा** - आप मेधा अर्थात् बुद्धि हैं।

Shri Medhaa - You are intelligence.

329. **श्रीतामसी** - आप काले वर्ण की हैं।

Shri Taamasi - You are dark hued.

330. **श्रीनियतिः** - आप अंतिम नियति हैं।

Shri Niyati- You are the final destiny.

331. **श्रीसर्वशक्तिसमन्विता** - आप के अन्दर ही आपकी सारी शक्तियाँ हैं।

Shri Sarva-shakti-saman-vitaa - You have all the powers within yourself.

332. **श्रीलोचनत्रयभूषिता** - आप तीन आँखों से सुशोभित हैं।

Shri Lochana-traya- bhushitaa - You are the one with three eyes.

333. **श्रीसौम्यवदना** - आप का मुख सौम्य है।

Shri Saumya-vadanaa- You are with benign countenance.

334. **श्रीशैलपुत्री** - आप हिमालय की पुत्री हैं और आप का विवाह श्रीशिव से हुआ है। आपको हिमानी नाम से भी जाना जाता है।

